फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 257 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
13 मार्च 2025
गुरुवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

### सदन के बाहर विपक्ष ने एप्रन पहनकर जताया विरोध, बजट पर चर्चा का दिन

# विधानसभा में अस्पतालों के खाली पदों पर हंगामा, कांग्रेस ने किया वॉकआउट

**भोपाल ,दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश विधानसभा के भीतर में आज प्रश्नकाल में हंगामा हुआ, वहीं बजट पर चर्चा की शुरूआत हो रही है,जबकि इससे पहले सदन के बाहर कांग्रेस के विधायकों का हंगामा सुर्ख रहा। यह विधायक काले एप्रन पहनकर और हाथ में प्रतीकात्मक तौर पर सोने की ईंटें लेकर विधानसभा परिसर में दाखिल हुए। एप्रन पर हड्डियों का ढांचा बना था, वे करोड़पति कॉन्स्टेबल मामले में जांच की मांग व नारेबारजी करते रहे। हालांकि काले एप्रन के साथ सदन में दाखिल होने से इन्हें रोक दिया गया। बाद में प्रश्नोत्तर काल के दौरान एक सवाल पर मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस ने वाकआउट कर दिया।

दरअसल जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने अस्पतालों में डॉक्टरों की संख्या, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ के स्वीकृत, भरे और खाली पदों की जानकारी मांगी थी। उन्होंने 2016 से 2024 तक प्रसव के दौरान महिलाओं और नवजात शिशुओं की मौतों पर भी सवाल किया और कहा कि सरकार मामले में जानकारी छुपा रही है। दूसरी ओर स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा- कैग की रिपोर्ट पर अमल के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। 5 महीने में सभी खाली पद भर दिए जाएंगे। इस पर विधायक ने कहा- अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं। कैग की रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि 86फीसद मामलों में सरकार जवाब नहीं दे रही है।




बाद में मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉक आउट किया। इससे पहले सतीश सिकरवार ने कहा- नर्सिंग स्टूडेंट्स एक ही कक्षा में 3-3 साल तक पड़ रहे हैं। उनकी परीक्षा कब हो पाएगी और कब तक परिणाम आ सकेंगे? मंत्री शुक्ल ने कहा- मामला हाईकोर्ट में है, फैसले के बाद कार्यवाही हो पाएगी। शासन ने नर्सिंग परीक्षा के लिए सारी तैयारी कर रखी है।

## दो-दो डिप्टी सीएम पर सिंघार का सवाल

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने परिसर में मीडिया से उपनेता प्रतिपक्ष पर उठे सवाल को लेकर कहा- भाजपा नेताओं का काम विषय से भटकाना है। सरकार को यह बताना चाहिये कि जो उपमुख्यमंत्री पद दे रखे हैं, क्या ये संवैधानिक पद हैं? फिर उपनेता प्रतिपक्ष की बात करें। सीएम यह भी बताएं कि किस हैसियत से दो उपमुख्यमंत्री बना रखे हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह ने उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि उनकी पत्नी और मां पर ईओडब्ल्यू में केस दर्ज है। विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष का कोई प्रावधान नहीं है, फिर भी ये फर्जी उपनेता प्रतिपक्ष बनकर घूम रहे हैं। उन्होंने नियमावली के हवाले से कहा था कि यह पद नियमावली में नहीं है।

## आज होलिका दहन रात 11 के बाद

**नईदिल्ली, एजेंसी**



आज होलिका दहन के समय को लेकर लोगों में काफी भ्रम है। दरअसल इस वर्ष होलिका दहन का समय 13 मार्च को रात 11 बजकर 26 मिनट से लेकर 14 मार्च को रात 12 बजकर 30 मिनट तक उपयुक्त कहा जा रहा है। इस समय के बीच ही होलिका दहन करना शुभ बताया गया है क्योंकि भद्रा की अवधि 11 बजकर 26 मिनट तक रहेगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, भद्रा के समय कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है, क्योंकि इसे नकारात्मक प्रभाव से जोड़कर देखा जाता है। इस बार भद्रा के कारण होलिका दहन का समय सीमित हो जाएगा, लेकिन इसके बाद का समय काफी शुभ है।

## वैष्णव ने किया स्टार लिंक का स्वागत, फिर पोस्ट डिलीट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

जियो और एयरटेल द्वारा एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स की स्टारलिंक सेटेलाइट सेवा के लिए साझेदारी की घोषणा के एक दिन बाद आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट करके स्टारलिंक के साथ इस साझेदारी का स्वागत किया। उन्होंने लिखा- स्टारलिंक वेलकम टू इंडिया। मगर इस पोस्ट के कुछ समय बाद मंत्री ने यह अपना यह ट्वीट डिलीट कर दिया। वैष्णव ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा था कि ÷यह सेवा दूरस्थ रेलवे परियोजनाओं के लिए उपयोगी होगी।÷ उल्लेखनीय है कि स्टारलिंक सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा है, जो तेज गति का ब्रॉडबैंड कनेक्शन प्रदान करती है। यह फाइबर केबल पर निर्भर नहीं हैस यह सेवा दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों तक भी आसानी से पहुंचती है और प्राकृतिक आपदाओं और खराब मौसम में भी स्थिर कनेक्टिविटी बनाए रख सकती है।



## फिर 20 राज्यों में मौसम बिगड़ेगा, बारिश का अलर्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश के 20 राज्यों में अब बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसमें दिल्ली, पंजाब, चंडीग?, हरियाणा, उत्तर प्रदेश भी शामिल हैं। राजस्थान के 14 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। मप्र में एक दो दिन बादल छाने के आसार हैं,इससे तापमान में थोडी गिरावट आ सकती है। इसके बाद यहां गर्मी और ब?ने लगी है। अभी ही भोपाल, इंदौर और जबलपुर में पारा 37 डिग्री के पार है। बुधवार को खजुराहो में तापमान 39.4 डिग्री, नर्मदापुरम में 39.1 डिग्री, रतलाम-मंडला में 39 डिग्री पहुंचा। उधर तमिलनाडु में दो दिन से बारिश जारी है। केरल, लक्षद्वीप और तमिलनाडु के समुद्री तटों के आसपास 35 से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। असम और मेघालय में भी 15 मार्च तक और नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 16 मार्च तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है।

## गुड़गांव के किंगडम ऑफ ड्रीम्स में भीषण आग

**गुरूग्राम, एजेंसी**

हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित किंगडम ऑफ ड्रीम्स में भीषण आग लगने से हडकंप मचा हुआ है। इस पर काबू के लिए दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर हैं। बताया जा रहा है कि आग किंगडम ऑफ ड्रीम्स की कल्चर गैलरी में लगी। आग के चलते उठती लपटों को काफी दूर से देखा गया। फिलहाल आग लगने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है। किंगडम ऑफ ड्रीम्स का उद्घाटन सेक्टर-29 में साल 2010 में हुआ था। यह गुरुग्राम की एक बड़ी टूरिस्ट अट्रैक्शन है. इसमें ओपेरा थियेटर भी है। थीम पार्क भी है, जो 6 एकड़ से ज्यादा इलाके में फैला हुआ है। यहां पर सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ तरह-तरह के फूड भी मिलते हैं।



## अपराधी को दबोचने गई टीम पर हमला, एएसआई की मौत

**अररिया।** देर रात बिहार के अररिया में अपराधी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। इस दौरान धक्का-मुक्की में नीचे गिरने के बाद एएसआई राजीव कुमार की संदिग्ध मौत हो गई। डीएसपी ने बताया कि पुलिस को अपराधी अनमोल यादव के एक शादी समारोह में भाग लेने की सूचना मिली थी। पुलिस वहां गई और उसे गिरफ्तार कर लिया, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस के साथ विवाद किया और वे अनमोल को छुड़ाने में कामयाब रहे। विवाद के दौरान एएसआई राजीव कुमार गिर गए और उन्हें अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम आने पर मौत की असली वजह सामने आएगी। मगर घटना पर सवाल उठे हैं कि क्या भीड़ की पिटाई के कारण एएसआई की मौत हुई? पुलिस अभी खुलकर कुछ नहीं बता रही है। भीड़ में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।



## धार जिले में सड़क हादसे में 8 की मौत

**धार।** धार जिले के बदनावर उज्जैन मार्ग पर एक टैंकर ने कार और पिकअप वाहन को टक्कर मार दी, जिसके चलते आठ यात्रियों की मृत्यु हो गयी और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बुधवार देर रात हुए हादसे में तीन यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सात यात्रियों को इलाज के लिए बदनावर के अस्पताल में ले जाया गया। इलाज के दौरान आज सुबह तक पांच और यात्रियों ने दम तोड़ दिया। मृतकों की सं या बढ़कर आठ हो गयी। दो अन्य घायलों का इलाज जारी है। सूत्रों ने कहा कि तेज र तार टैंकर ने एक कार और एक पिकअॅप वाहन को अपनी चपेट में लिया। इस वजह से कार सवार चार लोगों समेत आठ लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान गिरधारी, चेतन, अनिल, लाल सिंह, अनूप और जितेंद्र के रूप में हुयी है। दो अन्य की पहचान की जा रही है।

### नौरादेही अभ्यारण

## बाघिन मस्तानी की तलाश में वन महकमा

**तेंदूखेड़ा, एजेंसी**



नौरादेही की एक बाघिन की तलाश तेज हो गई है। वनमंडल तेन्दूखेड़ा के तहत आने वाली रेंजों के अमले को अलर्ट किया गया है। ग्रामों में मुनादी भी कराई गई है। वन अमले की मानी जाए तो ये वहीं बाघिन है जिसे 4 फरवरी को पेंच नेशनल पार्क से लाकर टाइगर रिजर्व नौरादेही रेंज के जंगल में छोड़ा गया था। बीते तीन चार दिनों से बाघिन एन-6 मस्तानी की लोकेशन कभी तेन्दूखेड़ा के जंगलों तो कभी तेजगढ़ झलौन के वन परिक्षेत्र के जंगलों में मिल रही है। अमले का प्रयास है कि बाघिन पुनः नौरादेही की सीमा में पहुंच जाए। इसके लिये डीएफओ और पूरा वन अमला तेन्दूखेड़ा व तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के जंगलो में कैंप किए है।

**अवकाश सूचना:** दोपहर मेट्रो कार्यालय में 14 मार्च को होली का अवकाश रहेगा।


### मेट्रो एंकर

### 9 महीने से फंसी हैं, मस्क के पास है वापस लाने का जिम्मा

# सुनीता की अंतरिक्ष से वापसी में फिर आया व्यवधान

**वाशिंगटन, एजेंसी**

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से वापसी फिर टल गई है। उन्हें लेने जा रहे मिशन क्रू-10 को नासा ने टाल दिया है। इस मिशन को गत दिवस स्पेसएक्स के रॉकेट फाल्कन 9 से लॉन्च किया जाना था। रॉकेट के ग्राउंड सपोर्ट क्लैम्प आर्म में हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी के चलते इस मिशन को टाल दिया गया है। बुच विलमोर और सुनीता विलियम्स पिछले नौ महीनों से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। वे जून 2024 में वहां पहुंचे थे। उन्हें वहां सिर्फ एक हफ्ते रुकना था। दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के जरिए पहुंचे थे। मगर यह स्पेसक्राफ्ट सितंबर में बिना किसी क्रू के पृथ्वी पर वापस आ गया। अब नासा के मुताबिक



लॉन्चिंग के लिए अगली विंडो भारतीय समयानुसार 15 मार्च सुबह 4 बजकर 56 के बाद होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्स के सीईओ इलॉन मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा है। ट्रम्प ने जनवरी में सोशल मीडिया पर लिखा- मैंने मस्क से उन दो 'बहादुर अंतरिक्ष यात्रियों' को वापस लाने को कहा है। इन्हें बाइडेन प्रशासन ने अंतरिक्ष में छोड़ दिया है।

### क्यों भेजे गए स्पेस स्टेशन

सुनीता और बुच विलमोर नासा के जॉइंट 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' पर गए थे। दोनों को 8 दिन रुकने के बाद वापस पृथ्वी पर आना था। मिशन का मुख्य उद्देश्य स्पेसक्राफ्ट की एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन तक ले जाकर वापस लाने की क्षमता साबित करना था। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस स्टेशन पर 8 दिन में रिसर्च और कई एक्सपेरिमेंट भी करने थे। सुनीता और विलमोर पहले एस्ट्रोनॉट्स हैं जो एटलस-वी रॉकेट के जरिए स्पेस ट्रैवेल पर भेजे गए। इस मिशन के दौरान उन्हें स्पेसक्राफ्ट को मैन्युअली भी उ?ाना था। मगर कहा जाता है कि स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के लॉन्च के समय से ही कई दिक्कतें थीं। इनके चलते पहले भी कई बार लॉन्च फेल हुआ था।

### स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक

नासा का कहना है कि स्पेसक्राफ्ट के सर्विस मॉड्यूल के थ्रस्टर में एक छोटा सा हीलियम लीक है। एक स्पेसक्राफ्ट में कई थ्रस्टर होते हैं। इनकी मदद से स्पेसक्राफ्ट अपना रास्ता और स्पीड बदलता है। वहीं हीलियम गैस होने की वजह से रॉकेट पर दबाव बनता है। उसका ढांचा मजबूत बना रहता है, जिससे रॉकेट को अपनी फ्लाइट में मदद मिलती है। लॉन्च के बाद 25 दिनों में स्पेसक्राफ्ट के कैप्सूल में 5 हीलियम लीक हुए। 5 थ्रस्टर्स काम करना बंद कर चुके थे। इसके अलावा एक प्रॉपेलेंट वॉल्व पूरी तरह बंद नहीं किया जा सका। स्पेस में मौजूद क्रू और अमेरिका के ह्यूस्टन में बैठे मिशन के मैनेजर मिलकर भी इसे ठीक नहीं कर पाए।

# होलिका दहन आज, कल रंगोत्सव





**भोपाल।** रंगों के पर्व होली को अब एक सप्ताह का समय रह गया है। ऐसे में शहर में होली का उत्साह नजर आने लगा है। शहर के बाजारों में भी होली का रंग चढ़ने लगा है। इस बार होली पर रंग उड़ाने के लिए चार्जेबल ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिक गन की कई वैरायटियां आई है, इसके साथ ही तलवार, कुल्हाड़ी, त्रिशूल के शेप में भी पिचकारियां है, जो लोग खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं बच्चों से लेकर युवाओं तक 400 से अधिक वैरायटियों की पिचकारियां बाजार में है। वहीं होली के पहले रंग, गुलाल और पिचकारियों के बाजार भी सजने लगे हैं। पुराने शहर में पिचकारियों की थोक दुकानों पर खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में बिक्री और बढ़ने की संभावना है। इस बार बाजारों में कई वैरायटियों की पिचकारियां है, जिसकी कीमत 5 रुपए से लेकर ढाई हजार रुपए तक है। विक्रेताओं का कहना है कि इस बार पिचकारियों के दामों में भी पिछले साल की तुलना में खास अंतर नहीं है।

### गुलाल भी डिमांड में

एक दूसरे को गुलाल लगाने की परंपरा सालों पुरानी है। ऐसे में इसकी मांग हमेशा बनी रहती है। वहीं इस बार गन का काफी क्रेज है, कई वैरायटियों की गन है, इसमें ऑटोमेटिक गन के साथ गुलाल गन पिचकारी भी लोगों को खूब भा रही है। इसमें गुलाल डालकर उड़ाया जाता है, जो काफी प्रेशर से निकलता है।



## मैनिट ने 12 गांव लिए गोद, विकास के बुनियादी मुद्दों में करेंगे मदद

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

- उन्नत भारत अभियान अभियान के तहत गोद लिए गए हैं यह गांव

भोपाल।

उन्नत भारत अभियान अभियान के तहत राजधानी स्थित मैनिट ने आसपास के 12 गांवों को गोद लिया है। उन्नत भारत अभियान के तहत इन गांवो को शिक्षा, जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, बालिका विकास, कृषि, तकनीकी हस्तक्षेप, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के मामले में सहयोग किया जाएगा। मैनिट छात्र प्रकोष्ठ द्वारा खारपा गांव के शासकीय मिडिल स्कूल में कई गतिविधियां की हैं। सरकारी स्कूल के अधिकांश छात्र उच्च शिक्षा संस्थानों में अवसरों को जानने के लिए उत्सुक हैं। यूबीए के छात्र उन्हें सरल अंकगणित, भौगोलिक मानचित्र, ड्राइंग प्रतियोगिता, उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद नौकरियों के अवसर के संबंध में भी बताते हैं। यूबीए के छात्रों ने उनकी रचनात्मकता को ब?ाने के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता भी आयोजित की और सर्वश्रेष्ठ तीन छात्रों को विजेता प्रमाण पत्र दिया गया। इस गतिविधि ने सभी स्कूली छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धी प्रकृति का निर्माण किया। आने वाले महीनों में यूबीए मैनिट छात्र प्रकोष्ठ गोद लिए गए गांवों में और भी गतिविधियां करेगा।

### भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम

उन्नत भारत अभियान अभियान भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा कम से कम पांच आस-पास के ग्रामीण गांवों को गोद लेना है। मूल उद्देश्य इन संस्थानों को गांवों में ग्रामीण लोगों से जोड़ना और शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, कृषि, स्वास्थ्य, जल, बालिका विकास, अपशिष्ट प्रबंधन और तकनीकी हस्तक्षेप जैसे विकास के बुनियादी मुद्दों में उनकी मदद करना है। मैनिट देश में उन्नत भारत अभियान के क्षेत्रीय समन्वयक ( आरसीआई ) में से एक है। इसने 12 गांवों को गोद लिया गया है।

### पोल शिटिंग के कारण 8 माह से अटका पड़ा था काम, अब जोर पकड़ रहा

# 25 करोड़ रु. की लागत से बन रही फोरलेन रोड, बिजली के पोल हटे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की बहुप्रतीक्षित पिपलानी बी-सेक्टर से खजूरी कलां बायपास तक करीब 25 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से बन रही करीब 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क का काम लगातार पिछड़ रहा था। वर्तमान में भी बिजली के पोल के लगे होने के कारण सड़क का निर्माण बहुत धीमी गति से हो रहा था। जिसके चलते इस सड़क से आवाजाही करने वाले आसपास की दो दर्जन कॉलोनियों दो लाख की आबादी सीधे-सीधे प्रभावित हो रही थी। बताया जा रहा है कि वर्तमान में निर्मल नगर, टैगोर नगर, गोपाल नगर के आसपास बिजली के पोल शिटिंग के कारण करीब 8 महीने से अटका हुआ है। बता दें कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग की ईएण्डएम विंग के द्वारा कराया जा रहा है, लेकिन बेहतर मॉनिटरगिं ना किए जाने के चलते सड़क के निर्माण में देरी की जा रही है। सड़क पर से बिजली के पोल नहीं हटाए जा रहे थे जिसके चलते निर्माण कार्य रुका हुआ था। वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि सड़क का निर्माण कार्य लगभग फीसदी पूरा हो चुका है। साथ ही रोड से बिजली के पोल भी हटवा दिए गए हैं जिससे अब इस रोड से आवागमन सुगम हो सकेगा।

**दो साल पहले हुआ था भूमिपूजन :** बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण के लिए अप्रैल, 2023 में भूमिपूजन





किया गया था। पहले सड़क की चौड़ाई को लेकर हुए विवाद और फिर विधानसभा चुनाव के कारण यह काम लगातार देरी से शुरू हुआ। बीच में इस प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य ने रतार पकड़ी थी, लेकिन बाधाओं के कारण एक बार फिर यह काम लेटलतीफी का शिकार हो गया है। विभागीय सूत्रों की मानें तो एक-दो महीने में यह काम पूरा करने की डेडलाइन है, लेकिन जिमेदार अफसरों और निर्माणी एजेंसी की हीलाहवाली के कारण तीन किमी. का निर्माण होना बाकी है।

### आधी सड़क पूरी, आधी में गड्ढे ही गड्ढे

करीब साढ़े 25 करोड़ रुपए से पिपलानी-खजूरी कलां फोरलेन मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। यहां पर शुरूआत में पिपलानी बी-सेक्टर स्थित इलाहाबाद बैंक से लेकर एसओएस बालग्राम-पानी की टंकी-निर्मल नगर तक सड़क बनकर तैयार हो गई है,लेकिन सड़क पर कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य चलने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही आए दिन सड़क हादसे हो रहे थे।

**इनको फायदा :** इस सड़क से प्रतिदिन तीन लाख से अधिक लोग आवागमन करते हैं क्योंकि यह शार्टकट फोरलेन रोड रायसेन बायपास को सीधे कनेक्ट करता है। साथ ही आसपास की दो दर्जन से अधिक कॉलोनियों की सड़कें भी इससे जुड़ी हुई हैं। जिनमें से सड़क के बनने से पिपलानी बी-सेक्टर, एसओएस बालग्राम, गोपाल नगर, शिवलोक, टैगोर नगर, निर्मल नगर, कृष्णा नगर, राजौरिया फार्म हाउस, पूर्वांचल, नागार्जुन नगर, राधाकुंज सहित भोपाल से बाहर जाने वाले बाईपास रोड में आवागमन करने वाले लोगों को बहुत सुविधा होगी।

## होली मिलन व साधारण सभा की बैठक 18 मार्च को

### पूज्य सिंधी पंचायत की बैठक, आगामी कार्यक्रम तय हुए

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें कई निर्णय लिये गये। पंचायत महासचिव नंद दादलानी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत का होली मिलन समारोह व साधारण सभा की बैठक 18 मार्च, मंगलवार, प्रातः 11 बजे झूलेलाल मंदिर में रखी गयी है, जिसमें पंचायत के सदस्य व गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा 14 मार्च को होली पर्व नगरवासियों से भाईचारे से साथ मनाने की अपील की गई। 23 मार्च अमर शहीद हेमू कालाणी का जन्मदिवस फायर बिग्रेड, स्टेडियम व नगर निगम के पास स्थित झूलेलाल मंदिर में स्थित प्रतिमाओं पर प्रातः 10 बजे मालार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। बैठक में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सचिव मोहन मीरचंदानी, सहसचिव जेठानंद मंगतानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी व आडिटर हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।



### बजरंग सेना समिति का रंगोत्सव 15 को

संतनगर. बजरंग सेना समिति 15 मार्च को होली के %रंग बालाजी महाराज जी के संग% गुल एवं गुलाल से होली खेलेगी। सुबह 11 बजे हनुमानजी के 12 नाम का हवन समिति  राज कुमार गर्ग के सानिध्य हवन होगा। आरती के बाद होली खेली जाएगी। प्रसादी और भांग का वितरण किया जाएगा। भारतीय सिंधु सभा संतनगर व बजरंग सेना समिति के महासचिव गुरदास रामचंदानी का जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

## नहर के किनारे बढ़ रहा है कटाव हादसे का खतरा, जांच के निर्देश

**कलियासोत नहर का मामला, दुर्घटना की आशंका**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के सलैया स्थित कैनाल किनशिप, शिव आंगन और बीडीए कॉलोनी के तीन मुहाने पर बहने वाली कलियासोत नहर के किनारे पर लगातार कटाव होने का मामला सामने आया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि नहर किनारे वाली सड़क पर रोजाना स्कूल बस एवं सैकड़ों दो एवं चार पहिया वाहन गुजरती है, जिससे मोड़ पर बढड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों ने इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। मामले में आयोग ने कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जन सुरक्षा एवं सुरक्षित आवागमन हेतु आवश्यक सुरक्षा उपायों के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है।



### चैंबर खतरनाक, रोड से 3 इंच नीचे धंसे

शहर के कोलार रोड स्थित बैरागढ़ चीचली से कोलार तिराहे तक बनी सीवेज लाइन के चैंबरों के ढक्कनों के धंसने का मामला सामने आया है। चैंबर लाइन के ढक्कन के धंसने का सिलसिला लगातार जारी है। कई ढक्कनों सीसी रोड से एक से तीन इंच तक धंस गये है और कई चैंबरों के आसपास की रोड पर दरारें पड़ने लगी है। इस कारण रोड से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ सकती है और सड़क दुर्घटना होने की आशंका भी बनी हुई है। मामले में आयोग ने अधीक्षक यंत्री, लोक निर्माण विभाग को जांच के निर्देश देने के साथ ही रिपोर्ट भी तलब की है।

**मेट्रो एंकर** | स्वच्छता, स्वास्थ्य के साथ कैंसर जागरूकता सत्र भी

## ‘स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत’ पर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में ÷स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत÷ विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामाजिक जिम्मेदारी और शासकीय योजनाओं के महत्व को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें छात्राओं ने एकता, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। इसके बाद योग सत्र हुआ, जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। शिविर में छात्राओं ने मुगलिया हाट गांव में अपना श्रम दान दिया।प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना किसी भी व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य को




प्राथमिकता देने के साथ-साथ समाज के कल्याण के लिए एन.एस.एस. सेवाओं के माध्यम से योगदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. पारवानी ने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, ताकि एक समृद्ध राष्ट्र की दिशा में योगदान किया जा सके।

**कैंसर जागरूकता सत्र :** कार्यक्रम में कैंसर जागरूकता सत्र का आयोजन भी किया गया। कुजंल वेलफेयर सोसाइटी की प्रभा गौर के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा सिंघी ने स्तन कैंसर और गर्भाशय कैंसर पर जानकारी दी। उन्होंने आत्म-जागरूकता, समय पर पहचान व स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने के महत्व को बताया जो इस शिविर के संदेश से मेल खाता है।

**पर्वतारोही यात्रा से संदेश:** मुख्य अतिथि ज्योति रात्रे ने माउंट एवरेस्ट पर्वतारोही यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वे चुनौतियों को आत्मविश्वास और साहस से स्वीकार करें। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के प्रति नई जिम्मेदारी के साथ हुआ। कॉलेज अपने विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपनाने और ÷स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत÷ के उद्देश्य की प्राप्ति में योगदान देने के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा। शिविर के आयोजन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विभा खरे और डॉ. मीना बरसे का योगदान रहा।

## तानिया ने रासेयो का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण लिया



**हिरदाराम नगर.** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर अमरकंटक में आयोजित किया गया, जो अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय रीवा इकाई ने किया। बरकतुल्लाह विवि की रासेयो इकाई में संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा तानिया पाटिल ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। तानिया का चयन जिला स्तर पर विभिन्न महाविद्यालय के 650 स्वयं सेवकों में हुआ था, 14 चयनित शिविरार्थियों में उनका भी नाम था। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ डालिमा पारवानी ने बरकतुल्लाह रासेयो इकाई के समन्वयक  अनंत सक्सेना एवं मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी  राहुल सिंह परिहार का आभार व्यक्त किया है। प्रबंधन समिति के हीरो ज्ञानचंदानी ने छात्रा को बधाई दी है।

# जीतू पटवारी ने कहा-जुमलों का पुलिंदा है बजट, लाडली भी मायूस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



मप्र सरकार के बजट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार के निराशाजनक और गुमराह करने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी और जुमलों का पुलिंदा है। इसमें न जनता की भलाई के ठोस प्रावधान हैं, न ही बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं का कोई समाधान है।

वहीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने भाजपा की राज्य सरकार के बजट को लाडली बहनों और महिलाओं के साथ छलावा निरुपित किया व कहा कि बजट में लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाने को लेकर बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया, इससे लाडली बहनों को काफी मायूसी हुई है। महिलाओं को इंतजार था कि बजट में उन्हें 3000 रुपये प्रति माह देने की घोषणा की जाएगी।

## डीए कर्मी भी अनमने

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने कहा है कि बजट में कर्मचारियों को बड़ी उम्मीद थी की सरकार कर्मचारियों को जुलाई 2024 से 3त्न महंगाई भत्ता और महंगाई राहत अन्य लाभ प्रदान करेगी लेकिन निराशा हाथ लगी। बजट में कर्मचारियों को देय भत्ते 1 अप्रैल 2025 से सातवें वेतनमान के सुसंगत स्तरों पर पुनरीक्षण करने की बात उचित नहीं है। महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने कहा कि कर्मचारी लगभग 12 साल से गृह भाड़ा,वाहन भत्ता यात्रा भत्ता, वर्दी जोखिम भत्ता आदिवासी भत्ते विकलांग भत्ता में वृद्धि करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से देने का कहा है। इससे कर्मचारियों को काफी आर्थिक नुकसान होगा। पेंशनरों के लिए जो ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करने की बात की गई है उसका हम स्वागत करते हैं।

## भोज मुक्त विवि में विचार मंथन कार्यक्रम

**भोपाल।** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय था कर्मयोगी बनें। यह परिचर्चा विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. संजय तिवारी ने की। इसके साथ ही कार्यक्रम के संयोजक कुलसचिव डॉ. सुशील कुमार मंडेरिया भी उपस्थित रहे। परिचर्चा में विद्यार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। जिससे शैक्षणिक व्यवस्था में कुछ नए बदलाव किया जा सकें। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. उत्तम सिंह चौहान ने कहा कि, कृष्ण ने गीता में कर्म योग का दर्शन दिया है। यह एकमात्र दर्शन है, जो युद्ध स्थल पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि, कर्म योग एक ऐसा सिद्धांत है, जिसके द्वारा जीवन के ध्येय को प्राप्त किया जा सकता है। प्रो. चौहान ने कहा कि, कई विद्वानों ने कर्म योग की व्याख्या की है। इस अवसर पर प्रो. उत्तम सिंह चौहान ने पश्चिम में रिलिजन अर्थात धर्म तथा भारतीय दृष्टिकोण में धर्म के अर्थ को स्पष्ट किया। उन्होंने भारत में प्रचलित 9 दर्शनों का संक्षिप्त में परिचय दिया, जिनमें 6 आस्तिक और तीन नास्तिक दर्शन शामिल है।

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा के तीन विभागों को सबसे ज्यादा 93 हजार करोड़ आवंटित

# सीएम के पास सबसे ज्यादा विभाग लेकिन बजट में मंत्री तोमर से पीछे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



सीएम डॉ. मोहन यादव के पास सबसे अधिक 15 विभाग है लेकिन बजट आवंटन में वह मंत्रियों से भी पीछे है। मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के ऊर्जा विभाग को 37 हजार 733 करोड़ आवंटित हुए है जबकि सीएम के पास मौजूद सभी विभागों को मिलाकर कुल 36 हजार 633 करोड़ मिले। सीएम से ज्यादा मालदार उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा रहे, उन्हें आवंटित वित्त, वाणिज्यिक कर और योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को मिलाकर 93 हजार 931 करोड़ रुपये आवंटित हुए। उधर राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) में सर्वाधिक राशि 1 हजार 784 करोड़ रुपये कृष्णा गौर के विभाग को आवंटित किए। जबकि कैबिनेट मंत्रियों में राकेश शुक्ला सबसे पीछे रहे। उनके नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को 480 करोड़ रुपये मिले तो वहीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को 157.51 मिले।

### 80 करोड़ रुपए का प्रावधान

सरकार ने बजट में लोक परिवहन सेवा को पटरी पर लाने के लिए 80 करोड़ रुपए का प्रबंध किया है। इस राशि से परिवहन सेवा शुरू करने के सभी संसाधन जुटाए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक सरकार पहले चरण में ग्रामीण क्षेत्रों के 500 से अधिक रूटों पर लोक परिवहन सेवा की बसें उतारेगी। कनेक्टिंग बस सेवा का विकल्प भी होगा, जो गांवों को जिलों व महानगरों से जोड़ेगी। अधिकारियों का कहना है कि जो रूट अभी है, उन्हें बाद में बढ़ाया जाएगा। रूटों को नीलाम किया जा सकेगा, निजी ऑपरेटर इन पर बसें चलाएंगे। जिन रूटों पर ऑपरेटर रूचि नहीं लेंगे, सरकार उसे खाली नहीं छोड़ेगी, बल्कि खुद बसों की खरीदी करके संचालन करेगी। सड़क परिवहन निगम की पुरानी जमीन को वापस लेने की कार्रवाई अप्रैल 2025 से शुरू की जा सकती है। नई कंपनियों का गठन भी जल्द शुरू किया जाएगा। उक्त सेवा की बसों में ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा, मोबाइल ऐप, बस ट्रैकिंग जैसे टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

### 21 साल बाद लोक परिवहन की चिंता

मप्र के कई हिस्सों में ध्वस्त हो चुकी परिवहन सेवा को पटरी पर लाने के लिए बजट में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को शामिल किया है। ऐसा 21 साल बाद हुआ है। तब राज्य सड़क परिवहन निगम हुआ करता था। जिसके तहत सरकारी बसें एक से दूसरे जिले व एक से दूसरे राज्यों तक सस्ती व टिकाउ परिवहन सेवा उपलब्ध कराती थी। जनता को निजी आपरेटरों के चंगुल से छुटकारा मिलता था लेकिन 2004 से इसे निष्क्रिय कर दिया। तब से लोग परेशान है। कोरोना जैसी महामारी में तो जनता हर तरफ से लुटाई। पूरा रोड ट्रांसपोर्ट सिस्टम निजी हाथों में था, मनमर्जी बसे बसें चलाईं या बंद कर दी। लोगों को 100 से 200 किलोमीटर की यात्रा के लिए 1500 से 5000 हजार रुपये तक चुकाने पड़े। यदि सड़क परिवहन निगम बंद नहीं होता तो लोगों को काफी हद तक सहूलियतें मिल सकती थीं। 21 वर्षों बाद एक उम्मीद फिर जागी है, लेकिन विशेषज्ञों को इसमें भी कई तरह के संशय है, क्योंकि सरकार यह सबकुछ कंपनी बनाकर करना चाहती, जो गच्चा दे सकती है।

### सीएम, उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों को आवंटित बजट पर एक नजर

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री- गृह व अन्य- 36633.37
- जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री- 93931.99
- राजेन्द्र शुक्ल, उप मुख्यमंत्री- 22233.97
- विजय शाह, मंत्री- 15015.37- कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री- 18874.02
- प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री- 33437.47
- राकेश सिंह, मंत्री- 13645.74
- करण सिंह वर्मा, मंत्री- 11105.94
- उदय प्रताप सिंह, मंत्री- 36722.99
- संपतिया उइके, मंत्री- 20017.04
- तुलसी सिलावट, मंत्री- 9196.21
- एदल सिंह कंषाना, मंत्री- 1100.12
- निर्मला भूरिया, मंत्री- 26797.66
- गोविन्द सिंह राजपूत, मंत्री- 3505.71
- विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री- 6446.14
- नारायण सिंह कुशवाह, मंत्री- 5196.2
- नागर सिंह चौहान, मंत्री- 2529.13
- प्रद्युम्न सिंह तोमर, मंत्री- 37733.97
- राकेश शुक्ला, मंत्री- 480.74
- चैतन्य कुमार काश्यप, मंत्री- 1785.95
- इंदर सिंह परमार, मंत्री- 8275.52

#### राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार

- कृष्णा गौर- 1784.66
- धर्मेन्द्र सिंह लोधी- 1611.23
- दिलीप जायसवाल- 157.51
- लखन पटेल- 2480.98
- नारायण सिंह पंवार- 332.17

**नोट-: राशि करोड़ रुपए में।**

# मप्र विजन डॉक्यूमेंट जनता से सुझाव लेकर बनाएगी सरकार

**सीएम ने सुझाव के लिए जारी की आयोग की वेबसाइट**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



मप्र के विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए सरकार जनता से सुझाव लेगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने इसके लिए नीति आयोग की अधिकृत वेबसाइट https://mprna.mp.gov.in/vision जारी कर की है। एप के जरिए भी आम जन सुझाव दे सकेंगे। विजन डॉक्यूमेंट मप्र के विकास का रोडमैप होगा। जिसके जरिए भविष्य के मप्र को गढ़ा जाएगा। देश के सभी राज्य ये डॉक्यूमेंट बना रहे हैं। जिनमें वर्ष 2047 के लिहाज से विकास की नींव रखी जाने के प्रावधान किए जा रहे हैं। सर्वेक्षण का लक्ष्य यह है कि जनता 2047 का मध्यप्रदेश कैसा देखना चाहती है और किन महत्वपूर्ण विषयों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### सुझाव इसलिए

- विजन डॉक्यूमेंट केवल सरकार का दस्तावेज न होकर जनता का दस्तावेज बने।
- विषय-विशेषज्ञों, हितधारकों और विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ व्यापक रूप से प्रदेश की जनता अपनी अपेक्षाएं बता सकें।

# एमपी बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षा का आज से शुरू हुआ मूल्यांकन

**दोनों कक्षाओं की परीक्षा में इस साल शामिल हुए हैं 16.60 लाख विद्यार्थी**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं जारी हैं। इन परीक्षाओं का मूल्यांकन बोर्ड द्वारा 13 मार्च से शुरू कर दिया गया है।

मूल्यांकन से पहले शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। पहले चरण में एक मार्च तक संपन्न हुई परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। प्रश्न पत्रों की उत्तर पुस्तिकाएं संग्रह केंद्रों से जिला मुख्यालयों में स्थित मूल्यांकन केंद्रों में पहुंचने लगी हैं। 30-30 उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल बनाकर समन्वयक केंद्रों पर भेजे जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि, दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी और 12वीं में करीब 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हो रहे। पहले चरण के मूल्यांकन के लिए करीब 5,000 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।



विषयवार मूल्यांकनकर्ताओं की सूची तैयार की गई है।

### 21 मार्च से दूसरे चरण का मूल्यांकन

दूसरे चरण का मूल्यांकन 21 मार्च से शुरू होगा। जानकारी के अनुसार, इसके लिए करीब 40 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में करीब 17 लाख विद्यार्थियों की 90 लाख उत्तर पुस्तिकाओं को 45 दिनों में जांचना है। हाईस्कूल के 6 विषयों के लिए प्रत्येक विषय में करीब 60-60 शिक्षक तैनात किए गए हैं। वहीं, हायर सेकेंडरी के विषयों के लिए करीब 30-30 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

### सीसीटीवी की निगरानी में मूल्यांकन

माशिमं की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में इस बार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कार्य कराया जाएगा। साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर ओएमआर शीट भरवाई गई है। समन्वयक केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं पर लगे बारकोड को स्कैन किया जाएगा। बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में इस बार बारकोड प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। इस नई व्यवस्था के तहत, उत्तर पुस्तिकाओं पर बारकोड लगाकर मूल्यांकनकर्ताओं को स्टूडेंट्स की पहचान जाने से रोका जाएगा। इससे किसी भी प्रकार के पक्षपात की संभावना खत्म होगी। छह बारकोड केंद्र बनाए गए हैं। यह केंद्र भोपाल, रीवा, जबलपुर, सागर और इंदौर में बनाए गए हैं।

**मेट्रो एंकर** 2383 स्कूलों में कोर्स चल रहे हैं, संख्या बढ़ाकर की जाएगी 3 हजार

# 700 नए सरकारी स्कूलों में मिलेगी व्यावसायिक शिक्षा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के करीब 700 नए सरकारी स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा कोर्स शुरू किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में इन स्कूलों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है।

वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे। प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा देने के लिए 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है।

लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये है।

### नई शिक्षा नीति के अनुरूप

दरअसल, प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्टीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्टीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है।

बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।



फाइल फोटो

### स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

### अभी यह कोर्स चल रहे हैं

वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सौलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।



## संपादकीय

# पड़ोस की उथलपुथल के कई संकेत

अब ऐसा लगता है कि हमारा पड़ोसी देश नेपाल एक बार फिर किसी बड़ी उथलपुथल के मुहाने पर आ खड़ा हुआ है। यह सवाल सभी तरफ घूम रहा है। यह इसलिए उठा क्योंकि रविवार को काठमांडू में नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में बड़ा प्रदर्शन हुआ था यह न केवल पूर्व राजा के स्वागत में एयरपोर्ट पर हजारों की भीड़ उमड़ी थी, बल्कि राजशाही की वापसी के नारे भी लगाए गए। इसे राजा समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। खास बात यह कि इस प्रदर्शन को पूरी तरह आकस्मिक या स्वतःस्फूर्त नहीं माना जा सकता। पिछले करीब दो महीने से इसकी तैयारी की जा रही थी। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र इस दौरान राजधानी काठमांडू से दूर नेपाल के अलग-अलग हिस्सों में दर्जनों मंदिरों में गए। राजनीतिक हलकों में इसे देश के दूरदराज के इलाकों में अपनी लोकप्रियता जांचने की उनकी मुहिम के रूप में देखा जा रहा था। इस भीड़ में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी यानि आरपीपी के सदस्य और कार्यकर्ता शामिल थे। कुछ के हाथ में तो सीएम योगी के पोस्टर भी बताए जा रहे थे। 1990 के दशक में स्थापित आरपीपी अब राजशाही की बहाली की मांग का नेतृत्व कर रही है। गौरतलब यह है कि पिछले चुनाव में एक सीट से संसद में अपनी जगह बनाने वाली आरपीपी के पास इस बार 275 में से 14 सीटें हैं। पार्टी को राजशाही समर्थक सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है। नेपाल में अगला चुनाव 2027 में होना है। मगर सवाल और दिचलस्पी यह है कि हिंदू राजशाही की मांग क्यों उठ रही है। दरअसल, 77 साल के ज्ञानेंद्र 2001 में राजा बने थे। उससे पहले उनके बड़े भाई बीरेंद्र बीर बिक्रम शाह और उनके परिवार की नृशंस हत्या कर दी गई थी। 05 तक वे बिना किसी कार्यकारी या राजनीतिक शक्ति के देश के संवैधानिक प्रमुख बने रहे। इसके बाद उन्होंने यह कहकर पूर्ण सत्ता अपने हाथ में ले ली कि वे राजशाही विरोधी माओवादी विद्रोहियों को हराने के लिए ऐसा कर रहे हैं। बहरहाल, काठमांडू में हुए इस प्रदर्शन में लगाए जाने वाले नारे ज्यादातर तो राजा और राजशाही के समर्थन तक ही सीमित रहे, लेकिन एकाध मामलों में मौजूदा पीएम केपी ओली के खिलाफ भी नारे सुने गए। ओली पूर्व नरेश को सार्वजनिक रूप से यह चुनौती दे चुके हैं कि अगर वे सत्ता में लौटने के इतने ही इच्छुक हैं तो अपनी एक राजनीतिक पार्टी बनाकर चुनाव लड़ लें। दरअसल इस प्रदर्शन का मकसद अपने पूर्व राजा के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना भर ही नहीं लगता। 2006 में हुए ऐसे ही प्रदर्शनों के बाद नेपाल के तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र को सत्ता छोड़नी पड़ी थी। इसके दो साल बाद 2008 में नेपाल धर्मनिरपेक्ष गणराज्य घोषित किया गया। ऐसे में अगर राजशाही की वापसी और हिंदुत्व को राजधर्म घोषित करने की मांग सड़कों पर हो रही है, तो साफ है कि यह टकराव आगे चलकर गंभीर रूप ले सकता है। इसमें दो राय नहीं कि 2008 में गणराज्य घोषित होने के बाद से लोकतंत्र की राह पर नेपाल की यात्रा बाधाओं से भरी रही है। इस देश में राजनीतिक स्थिरता नहीं कायम की जा सकी। 17 वर्षों की इस अवधि में वहां 13 सरकारें बन चुकी हैं। लेकिन किसी भी देश में लोकतांत्रिक चेतना विकसित होने में वक्त लगता है। सत्ता के लिए राजनीतिक दलों का आपस में झगड़ना किसी भी लोकतंत्र के लिए स्वाभाविक बात है। मगर इसका मतलब यह भी नहीं निकाला जा सकता कि किसी देश में लोकतंत्र के अपहरण जैसी किसी स्थिति के बनने पर भी वे एक नहीं होंगे।

# होली का उत्सव : उमंग, आनंद और सर्वाधिक प्रेम का त्यौहार

■ डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

सर्वाधिक उमंग, सर्वाधिक आनंद और सर्वाधिक प्रेम का त्यौहार होली उत्सव हमारे सामने है। इसे सर्वाधिक उमंग आनंद और प्रेम का त्यौहार इसलिए कहा गया है, क्योंकि वर्ष में पड़ने वाले प्रमुख त्योहारों की गिनती करें तो हम पाते हैं कि दीपावली भले ही त्योहार का सर्वोत्तम स्वरूप कहा जाता हो, लेकिन वह ऐश्वर्य वैभव और धन संपदा का त्यौहार बन गया है। रक्षाबंधन की बात करें तो इसे ज्ञान के अभाव में हमने स्वयं भाई और बहन तक सीमित कर दिया है। कहीं-कहीं ग्रामीण परिवेश में जरूर ससुराल से मायके आने वाली बेटियां अपने माता-पिता और उनके समकक्ष बुजुर्गों को अभी भी रक्षा सूत्र बांधती देखी जाती हैं। जबकि हमारे धार्मिक ग्रंथ बताते हैं कि रक्षाबंधन वह त्यौहार है जिसके माध्यम से एक आम व्यक्ति भी अपने से सबल व्यक्ति को रक्षा सूत्र बांधकर अपने लिए अभय दान मांग लिया करता था।

वहीं रक्षा सूत्र ग्रहण करने वाला व्यक्ति बांधने वाले की रक्षा के लिए स्वस्फूर्त होकर जवाब देह हो जाया करता था। और भी अन्य ढेर सारे त्योहार सनातन धर्मावलंबियों के जीवन में कम महत्व नहीं रखते। लेकिन वर्ष भर में पढ़ने वाले तीन त्योहारों होली, दीपावली और रक्षाबंधन को प्रमुख श्रेणी में रखा जाता है। इनमें से होली एकमात्र ऐसा त्यौहार है जो किसी रिश्ते नाते की वांछना नहीं करता और ना ही परवाह। यह त्यौहार केवल इतना संकेत देता है कि यदि तुम्हारे द्वारा रंग गुलाल लगाने से किसी को असीम आनंद की अनुभूति होती है, तो फिर तुम्हें आगे बढ़कर इस कर्तव्य का पूरे आनंद के साथ निर्वहन कर देना चाहिए। विद्वान तो यहां तक कहते हैं कि होली एकमात्र ऐसा त्यौहार है जो शत्रुताओं को भुलाने, भेदभाव की गहरी खाइयों को पाटने और ऊंच नीच की दीवारों को गिरा देने की शक्ति अपने आप में समाए हुए है। इसे मनाते वक्त यह नहीं देखा जाता कि हम समूह में जिसे रंग अथवा गुलाल लगा रहे हैं, वह हमारा शत्रु है या मित्र। यदि इस त्यौहार को नियमों कायदों की दृष्टि से देखें तो ऐसी किसी भी विशेष मर्यादा में इसे नहीं बांधा गया है। यदि कोई नियम कायदों की बात करे तो इसका केवल एक ही नियम है और एक ही कायदा है। वह यह कि इस रंग-बिरंगे त्यौहार में यदि किसी के नीरस और बेरंग जीवन में आनंद का रस घोलने, उमंगों के रंग दमकाने का अवसर तुम्हारे हाथ आ गया है तो उससे चूको मत। अपना सर्वस्व न्योछावर करके वह सब कर गुजरो जिसकी अपेक्षा हमसे मानवीयता करती है। पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित कुछ स्वयंभू विद्वानों ने लंबे अर्से से होली को हुड़दंग और पानी की बर्बादी करने का त्यौहार प्रतिपादित करने का बीड़ा उठा रखा है। जिस प्रकार इन्हें दीपावली के पावन अवसर पर पर्यावरण और प्रदूषण के दौरे पड़ने लगते हैं, वैसे ही होली के आते ही अचानक इन लोगों को



केवल एक दिन में ही दुनियाभर का सारा पानी बचाने की चिंता सताने लगती है। खेद की बात यह है कि जो सामाजिक पुरोधा वर्ग है, वह भी ऐसी सनातन विरोधी कुचालों का तीव्र प्रतिरोध नहीं करता। इसका कारण भी स्पष्ट है। वह यह कि होली एकमात्र ऐसा त्यौहार है जिसमें धन संपदा और महंगे संसाधनों की आवश्यकता नहीं पड़ती। इस त्यौहार को मनाने के लिए चुटकी भर रंग गुलाल के साथ प्रेम प्यार से परिपूर्ण हृदय ही आवश्यक संसाधन माने गए। जाहिर है यह त्यौहार बाजारवाद की अपेक्षाओं पर खरा साबित नहीं होता। जैसे-दिवाली पर लोग कपड़े गहने वाहन, संपत्ति, ऐश्वर्य और विलासिता की अत्यंत महंगी खरीदी करते हैं। रक्षाबंधन पर भी बहन बेटियों को उपहार देने के लिए खरीदारी तो होती ही है। लेकिन होली में ऐसा नहीं है। आपके पास जैसे भी कपड़े उपलब्ध हैं, कोई चिंता की बात नहीं। पैरों में जूते-चप्पल है तो ठीक और नहीं भी हैं तो कोई आवश्यकता नहीं। बस चुटकी भर रंग गुलाल लिया और मन गया होली का त्यौहार। हालांकि बहुत सुनियोजित तरीके से इस त्यौहार को भी महंगा और दिखावटी बनाने के प्रयास हुए हैं। जैसा कि फिल्मों में दिखाया जाता है। अभिनेता अभिनेत्री और उनके सहयोगी कलाकार झकाझक सफेद कपड़ो में दमकते हुए कैमरे के सामने आते हैं और फिर यह साबित करने में लग जाते हैं कि होली का असली मजा तो नए चमचमाते सफेद कपड़े पहन कर ही आता है। हालांकि बेहद सीमित धनाढ्य वर्ग इस दिखावे की चपेट में आंशिक रूप से आ भी गया है। जिन्हें ईश्वर ने सर्व साधन संपन्न बनाया है, वह लोग होली जैसे रंग-बिरंगे त्यौहार के दिन भी झकाझक सफेद कपड़े पहनकर अपने चाहने वालों से मिलने निकलते हैं और अप्रत्यक्ष रूप से इस बात के लिए प्रेरणा के स्रोत बनते हैं कि अन्य लोगों को भी इस ऐश्वर्य वैभव पूर्ण होली का अनुसरण करना चाहिए।

खुशी की बात है कि व्यापक हिंदू समाज में अभी भी जो उपलब्ध है, जैसा उपलब्ध है, उसी में होली मनाने की परंपरा विद्यमान बनी हुई है। शुरुआत में इस त्यौहार के दौरान भांग की ठंडाई जैसे हल्के-फुल्के पेय पदार्थों के सेवन का चलन बना रहा। लेकिन इसे अनेक कुरूपताओं की जड़ बताकर होली में इसके स्थान पर देसी और अंग्रेजी शराब को घुसेड़ने के अथक प्रयास जोर-शोर से चले, जो काफी हद तक सफल साबित हुए हैं। फल स्वरुप पहले की अपेक्षा होली कुछ-कुछ बदरंग भी हुई है। इस विद्रूप नशे के चलते होली के दौरान अपवाद स्वरूप अपराध घटित होने के दुखद समाचार मिलने लगे हैं। मेल मिलाप के इस त्यौहार को कलंकित करने का अधिकतम श्रेय केवल और केवल शराब के नशे को ही जाता है। वर्ना भांग का नशा तो हिंदू धर्मावलंबी शिवरात्रि पर भी करते हैं। लेकिन इतिहास और वर्तमान समय गवाह है, शिवरात्रि के पावन त्यौहार पर भांग खाने या पीने के चलते कहीं से भी शांति भंग होने के समाचार ना कभी प्राप्त हुए और ना ही आज हो रहे हैं। हम यहां भांग या फिर अन्य किसी भी प्रकार के नशे की हिमायत नहीं कर रहे। केवल बताना चाहते हैं कि अन्य त्योहारों की तरह इस त्यौहार में भी बाजारवाद बरसों से घुसने की फिराक में है, लेकिन वह सफल नहीं हो पा रहा। और यदि सफल हुआ है तो केवल शराब के नशे के रूप में, जिस पर जल्दी से जल्दी अधिकतम नियंत्रण की अत्यावश्यकता है।

यदि हमारे धर्म शास्त्रों का अध्ययन किया जाए तब भी बात यही निकाल कर सामने आती है कि होली का त्यौहार प्रेम और भक्ति का ही महापर्व है। क्योंकि यह उन भक्त प्रहलाद के सुरक्षित होने पर मनाया गया जो बाल्य काल में ही ईश्वर के परम भक्त हो गए थे। वे ईश्ववर भक्ति से विमुख हो चुके अपने पिता को प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते रहे। यह और बात है कि बदले में उनका अनिष्ट करने की अनेक चेष्टाएं हुईं। उन्हीं में से एक प्रयास उन्हें अग्नि में जलाए जाने का किया गया। किंतु ईश्वर कृपा से भक्त प्रहलाद का बाल भी बांका ना हुआ। बल्कि वह होलिका जलकर भस्म हो गई जिसने रिश्तो की पवित्रता को कलंकित करते हुए भक्त प्रहलाद को मृत्यु के हवाले करने का षड्यंत्र रचा था। तभी से हिंदू समाज होलिका को प्रतीकात्मक रूप से जलाता चला आ रहा है। जबकि बालक प्रहलाद के उस भयावह अग्निकांड से बच जाने पर अभी तक रंग गुलाल उड़ाकर खुशियां मनाई जा रही हैं। पूर्व में यह त्यौहार पूर्णिमा से लेकर रंग पंचमी तक 6 दिन का मनाया जाता रहा है। बल्कि यह लिखना भी अतिशयोक्ति नहीं होगा कि कुछ दशक पहले तक होली का त्यौहार पूरे फाल्गुन महीने भर मनाया जाता था। इस महीने में कोई भी मेहमान घर में आ जाता या फिर हम मेहमानी करने अपने किसी रिश्तेदार नातेदार के यहां पहुंच जाते तो फिर रंगों में सरोवर हुए बगैर उन घरों से बाहर निकलना असंभव ही माना जाता रहा है। बल्कि फाल्गुन के महीने में लोग रिश्तेदारी में यह मन बनकर ही जाते थे कि वहां उन्हें रंग-बिरंगा होना ही है। यहां तक कि फागुन के महीने में कहीं शादी हुआ करती थी तो वर और वधु, दोनों पक्ष के लोग पूरे उत्साह के साथ कीमती कपड़ों की चिंता किए बगैर रंगों से तरबतर होली खेला करते थे और किसी भी कोने से नाम मात्र का एतराज खड़ा नहीं होता था। लेकिन कालांतर में लोग कीमती कपड़ों का हवाला देने लगे। रंग-बिरंगे लोगों के बीच साफ सुथरे और झकाझक कपड़ों में इठला के चलना स्टेटस सिंबल बनता चला गया। नतीजा यह निकला कि अब होली केवल धुलेंडी और रंग पंचमी के आसपास सिमट कर रह गई है। इन दो दिनों में से भी धूलेंडी अर्थात प्रतिपदा के दिन अब अधिकांश स्थानों पर सूखी होली खेली जाती है। बस रंग पंचमी भर एकमात्र ऐसा दिन रह गया है जब लोग पानी में घोलकर रंग एक दूसरे पर डाल पाते हैं। यह दौर भी आधे दिन तक चलता है। इसके बाद लोग नहा धोकर एक प्रकार से इस त्योहार से फारिग हो जाते हैं। भला हो पुरानी परंपराओं को मानने वालों का, जिन्होंने अभी तक द्वितीया के दिन बहन बेटियों को अपने घर आमंत्रित करने या फिर उनके यहां जाकर तिलक करने और होली खेलने का क्रम बनाए रखा है।

अंत में आप सभी को रंगों के त्यौहार होली का महापर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि हम सब प्रेम, सम्मान और मर्यादाओं के रंगों से तरबतर होली खेलने के लिए प्रेरित हों। रंग और गुलाल डालने से पूर्व सामने वाले की भावनाओं का सम्मान बनाए रखें। यदि हृदय में सनातन धर्म और हिंदू त्योहारों को कलंक से बचाए रखने की थोड़ी सी भी जिजीविषा मन में शेष हो तो कम से कम इन त्योहारों के दिन हर प्रकार के नशे से निर्णायक दूरी अवश्य बनाए रखें।

(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)

# रंगोत्सव के उल्लास में सराबोर तन-मन

■ लोकमित्र गौतम

होली भारत के अन्य त्योहारों की तरह महज एक त्योहार नहीं, यह 'रंगों का उत्सव है। आज की इस भाग-दौड़ भरी ज़िंदगी में होली का उल्लास हमें अपनी संस्कृति से मिला अनमोल वरदान है जो किसी थेरैपी से कम नहीं। यह सिर्फ रंग खेलने का दिन नहीं बल्कि चिंता-मुक्त होकर जीवन में रंग भर लेने का इंद्रधनुषी अवसर है। यह दिन उल्लास में गले तक डूब जाने का है।आज सफल से सफल व्यक्ति भी काम के बोझ से दबा है। रोजमर्रा की परेशानियों से पिस रहा है। सोशल मीडिया के लगातार पड़ते प्रभाव से तनावग्रस्त है। इन सब तनावों, परेशानियों को एक दिन पूरी तरह छिटक देने का मौक़ा हमें होली प्रदान करती है। इस मौके को गंवाना नहीं चाहिए। कम से कम साल में एक दिन तो हम 'प्रेजेंट मोमेंट' में जीयें। हंसी-मजाक करें, दोस्तों के साथ बिलकुल बचपन के दिनों में लौट जाएं। जितनी हो सकती है उतनी मस्ती करें। गिले-शिकवे दूर करें, परिवार के साथ खुलकर समय बिताएं।

तन और मन की गांठों को खोलने या इन्हें पिघलाने का एक जरिया संवाद है। सीमाहीन संवाद। बिना सजग हुए किया गया संवाद। होली अपनों के बीच ऐसे ही सीमाहीन बतकही या संवाद का मौक़ा देती है। क्योंकि हमारी आज की रोजमर्रा की जिंदगी में संवाद बहुत कम हो गया है। हम सब व्यस्त हैं, रिश्तों में औपचारिकता बढ़ गई है। होली एक ऐसा अवसर है, जब हम बिना झिझक एक-दूसरे से जो मन में उमड़ घुमड़ रहा हो उसे कहें और जो हमें कहा जा रहा हो,उसे बिना किसी पूर्वाग्रह के सुनें। इससे रिश्ते जीवंत हो जाते हैं।

रंगों का बहुत सकारात्मक मनोविज्ञान होता है। रंग हमारी भावनाओं को बहुत गहरे तक छूते हैं। रंगों के अपने अर्थ, प्रतीक व अहसास हैं। गुलाबी रंग प्रेम का अहसास दिलाता है। हरा रंग हमें तन और मन से समृद्ध करता है। पीला रंग खुशियों से

**होली के मौके पर रंगों से खेलना और मस्ती करना कई गहरे अर्थ व संदेश लिए है। यह चिंता-तनाव एक तरफ फेंक इंद्रधनुषी अवसर है मन को उल्लास से भर देने का ताकि हम बचपन की तरह वर्तमान में जीएं, एक दिन के लिए सारी जिम्मेदारियां भूल उम्मीदों से भर जायें। परिजनों-दोस्तों से खुलकर संवाद करें ताकि रिश्ते जीवंत हो उठें।**



सराबोर कर देता है। नीला रंग शांति देता है। होली पर जब हम इन रंगों में सराबोर होते हैं, तो हमारा तन और मन खुशियों से छलछला जाता है। पोर-पोर से जीवन की संतुष्टि झरने लगती है। हम ज्यादा सकारात्मक, ज्यादा फ्रेंडली हो जाते हैं।

होली की धमाचौकड़ी हमें खुशियों के अतीत में ले जाती है। जब हम दुनिया की किसी भी फिक्र-चिंता से मुक्त थे, सिर्फ खुशियां ही खुशियां चारों तरफ फैली होती थीं। मस्ती भरा अहसास हमें बचपन में लौटा ले जाता है। जब हम बिना किसी परवाह के खुलकर खेलते थे। हर चीज में खुशी, सकारात्मकता ढूंढ़ लेते थे। तनाव, परेशानियां और चिड़चिड़ापन तो हमारे बड़े हो जाने के बाद ही आयीं। होली के दिन हम इन सबको उतार फेंकें, साथ ही जिम्मेदारियों की जकड़न को भी। बेफिक्र, मासूम बचपन में होली पर्व हमें सहजता से लौटा लाता है। इसलिए होली के इस खूबसूरत त्योहार में तन-मन को पूरी तरह रिचार्ज करें। खाएं-पीएं, नाचे गायें, दोस्तों के साथ हंसी ठठ्ठा करें और खुद को पूरी तरह रिचार्ज करें। होली की धमाचौकड़ी हममें खुशियों का हार्मोन बढ़ाती है।

यूं तो सभी पर्वों के बहाने हम अपने सालों पुराने गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। लेकिन होली तो ऐसा पर्व ही है, जो सालों की चुप्पियों को तोड़ खिलखिलाने के लिए मजबूर कर देता है। दुश्मनियों को झटके में दूर कर देता है, बेशक सामने वाला फिर भी इस सबके लिए तैयार न हो तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि होली के माहौल में बेफिक्री, मजाकिया अहसास, जिंदगी को सरल तरीके से लेने की सीख और धू-धूकर जलते अभिमानों की बेवजह की गांठें हमारी झेंप को पूरी तरह से मिटा देती हैं। यह गलतफहमियों को जला देने का पर्व है, नकचढ़े गर्व और गुरूर को रंग डालने का पर्व है। जब हम रंगों से खेलते हैं, रंगों में डूबते हैं तो हमारे मन की तमाम कठोरताएं स्वतः ही मिट जाती हैं, पिघल जाती हैं। रिश्ते मिठास से भर जाते हैं।

रिश्ते जोड़ें प्रकृति सेः होली पर्व हमें प्रकृति के साथ गहरे तक घुलने- मिलने और आत्मीयता से परिपूर्ण सामंजस्य बनाने की सीख देता है। क्योंकि इसका संबंध प्रकृति के श्रृंगार बसंत से है। होली तब आती है, जब प्रकृति नई ऊर्जा और नये उत्साह से भरी होती है। हर तरफ फूल खिले होते हैं। हवा में खुश्बुएं मचल रही होती हैं। प्रकृति की यह खुशी हमें भी अपने रंग में रंग लेती है। एक तरह से होली प्रकृति में होने वाली रंगों की बारिश है और हम इस बारिश में नहाकर खुशियों और उम्मीदों से जगमगा उठते हैं। इसलिए होली हमारी कायाकल्प का पर्व है। इस पर्व में डूबकर खुद को खुशियों और उम्मीदों से भरें।

(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)

**बहस में अक्सर वही जीतता है जो ऊँचा बोल पाता है।**
**- यशपाल**

## आज का इतिहास

- 1940- भारतीय क्रांतिकारी ऊधम सिंह ने अंग्रेजों से जलियांवाला बाग का बदला लेने के लिए जनरल डायर पर लंदन में गोलियां चलाईं।
- 1997 - मदर टेरेसा ने इन्डियन मिशनरीज ऑफ चैरिटी के नेतृत्वकर्ता के रूप में सिस्टर निर्मला का चयन किया।
- 1999 - शेख़ हमाज बिन ईसा अल ख़लीफ़ा बहरीन के नये शासक बने। 23 वर्षों के अंतराल के बाद श्रीलंका सरकार ने हत्या एवं मादक द्रव्य तस्करी सदृश अपराधों के लिए मृत्युदंड की सज़ा पुनः बहाल करने का निश्चय किया।
- 2002 - राबर्ट मुगावे पुनः जिम्बाब्वे के राष्ट्रपति निर्वाचित। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ की जापान यात्रा प्रारम्भ, सीटीबीटी पर हस्ताक्षर के लिए समय मांगा।
- 2003 - इराक पर ब्रिटेन के प्रस्तावों को फ्रांस ने नामंजूर किया।
- 2008 - राज्यपाल ने खाद्य सुरक्षा और मानक संशोधन विधेयक, 2008 को पारित किया। हिन्दुस्तान टाइम्स और पाकी अखबार डॉन को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कुलिश सम्मान दिया गया।
- 2009 - सार्क साहित्योत्सव आगरा में शुरू हुआ।
- 2018 - छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों के हमले में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 9 जवानों की मौत।

## निशाना

### काण्ड भी तमाम !



-कृष्णोन्द्र राय

जैसी करनी वैसी भरनी ।
खाए खूब मलाई ।।
पर आए थे करने ।
जनता की भलाई ।।
तय मिलना परिणाम ।
पेश किया जो काम ।।
सत्य है पर लेकिन ।
काण्ड भी तमाम ।।
एक एक कर चीजें ।
बाहर आने वाली ।।
हो रहा कुछ सूखा ।
थी पहले हरियाली ।।
होना था प्रहार ये ।
आज नहीं तो कल ।।
फंस गई है गाड़ी ।
लगता मुश्किल हल ।।

## कमिश्नर ने केसला के ग्राम कोहदा एवं लाल पानी का भ्रमण किया

# पुरानी और छोटी-छोटी जल संरचनाओं के जीणोद्धार करने के दिए निर्देश

- निम्न जल स्तर वाले एवं बिगड़े हैंड पंप में सुधार कार्य प्राथमिकता से कराने के दिए निर्देश
- कोहदा में गूगल इमेज से ईल मशीन लगाकर पानी का स्तर पता करने के दिए निर्देश



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को अपने प्रशासनिक अमले के साथ केसला विकास के दूरस्थ एवं अंतिम छोर पर स्थित ग्राम कोहदा एवं वनग्राम लालपानी का भ्रमण किया। कमिश्नर श्री तिवारी ने ग्राम कोहदा की ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं जिसमे विशेषतौर पर भीषण गर्मी के दौरान पेयजल की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम के 21 हैंडपंप में से 9 हैंड पंप में जल का स्तर कम पाया। इसी के साथ उक्त 9 हैंडपंप में मटमैले पानी की समस्या भी सामने आई साथ ही जल स्तर कम होने के कारण उनमें से मात्र आधे घंटे तक ही पानी मिलता है यह भी ज्ञात हुआ। भ्रमण के दौरान ज्ञात हुआ कि गांव में एकमात्र कुआं यादव मोहल्ले में है जिसमें पर्याप्त पानी है किंतु वह भी लगातार चलने पर सूख जाता है, तथा झिर से कुएं में पानी भरने में समय लगता है। गांव में कुछ लोगों के पास निजी कुएं तो है किंतु उनमें भी अल्प पानी ही प्राप्त होता है।

कमिश्नर श्री तिवारी ने ईई पीएचई श्री चतुर्वेदी को निर्देश दिए कि वह ग्राम कोहदा में यादव मोहल्ले के कुएं का जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण करवाए जिससे की जलस्तर को बढ़ाया जा सके। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए की पुरानी एवं छोटी-छोटी जल संरचनाओं में सुधार कार्य भी करवाया जाए एवं उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। उन्होंने यादव मोहल्ले के कुए के आसपास मुंडेर बनाने के लिए भी निर्देश दिए जिससे कि भविष्य में कोई दुर्घटना ना घटित हो।

कमिश्नर ने कहा कि गूगल इमेज के माध्यम से सर्वे करवा कर एवं ईल मशीन लगाकर गांव में जल स्त्रोतों की संभावनाओं को तलाशा जाए ताकि वहां ट्यूबवेल का खनन किया जा सके। उल्लेखनीय है कि ग्राम में दो ट्यूबवेल खनन पूर्व में ही फेल हो चुके हैं। चौपाल में ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम के 21 हैंड पंप में से 9 हैंडपंप में जलस्तर की स्थिति ठीक नहीं है। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि उक्त हैंड पंपों में राइजर पाइप बड़वाकर एवं आवश्यक साफ-सफाई करवाये तथा इन हैंड पंप में सुधार कार्य पूरी प्राथमिकता से किया जाए।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव की सीसी रोड में शोल्डर नहीं बनाए गए हैं जिससे वाहन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीण द्वारा मांग की गई की सीसी रोड के शोल्डर बनाए जाएं साथ ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान जो अभी तक निजी भवन में संचालित की जा रही है उसे ग्राम में रिक्त पड़े हुए प्राथमिक शाला में स्थानांतरित भी किया जाए।

चौपाल में ग्रामीणों ने बताया कि हैंड पंप मेकेनिक श्री उमेश धुर्वे कभी-कभी ही गांव में नजर आते हैं। हैंड पंप खराब होने की स्थिति में आउटसोर्स कर्मचारी मनीराम को पैसा देकर हैंडपंप सुधरवाया जाता है। तिवारी ने ऐसी स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्रामीणों को समझाया कि वे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैकेनिक को हैंडपंप सुधारने के लिए कोई भी कीमत ना दें तथा ऐसी स्थिति होने पर विभागीय अधिकारी को अवगत कराए। ग्राम चौपाल में पीएचई के सहायक यंत्री मुजबिल हुसैन ने बताया कि कोहदा मैं 721 घरों में से 150 घरों में नल जल कनेक्शन है। संभागायुक्त द्वारा शेष बचे हुए घरों में नल जल कनेक्शन चालू किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा यह मांग भी की गई है कि अतिरिक्त रूप से एक और ट्यूबवेल खनन किया जाए। तिवारी ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को चलित पशु चिकित्सा एम्बुलेंस 1962 के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम वासी अपने पशुओं के बीमार होने पर उक्त एंबुलेंस को बुलाकर पशुओं का उपचार सुनिश्चित करें। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल एवं आंगनबाड़ी निर्धारित समय पर खुलता है एवं सभी शिक्षक समय पर स्कूल आते हैं। संभाग आयुक्त श्री तिवारी ने जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी है उनकी आईडी शीघ्र बनाने के निर्देश दिए जिससे उन सभी को पीएम किसान सम्मान निधि की राशि मिल सके साथ ही उन्होंने आधारवार आरओआर लिंकिंग करने के भी निर्देश दिए।

### कमिश्नर ने वन ग्राम लाल पानी में लगाई ग्राम चौपाल

कमिश्नर ने दूरस्थ वन ग्राम लाल पानी के वन ग्राम चौकी में ग्राम चौपाल लगाई। यहां उन्होंने ग्राम में नल जल योजना की जानकारी एक ग्रामीण से ली। ग्राम वासी द्वारा बताया गया कि गांव में सभी हैंडपंप चालू अवस्था में है किंतु कुछ हाथ में जल स्तर निरंतर रूप से घट रहा है। कमिश्नर श्री तिवारी ने ईई पीएचई श्री चतुर्वेदी को निर्देश दिए कि जिन हैंड पंप में जलस्तर निरंतर रूप से गिर रहा है उनमें आवश्यक उपाय कर जल स्तर को बढ़ाया जाए। ग्रामवासियों ने कमिश्नर श्री तिवारी को अवगत कराया कि ग्राम में बीमार होने पर उन सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सीएचओ दीपिका तायवड़े के पास अन्य ग्रामों का भी चार्ज है इसलिए वह हर समय उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सी एच ओ मा के हर दूसरे शुक्रवार लाल पानी में रहकर मरीजों का उपचार करें। शासकीय बैठक एवं अवकाश होने की स्थिति पर अगले दिन ग्राम में ग्राम वासियों का उपचार सुनिश्चित करें। ग्राम लाल पानी के ग्राम वासियों ने बताया कि वहां पर एक बोरवेल का खनन कराया गया था जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने अन्य ट्यूबवेल खनन की मांग की। जिस पर कमिश्नर श्री तिवारी ने एक अन्य ट्यूबवेल खनन के निर्देश देते हुए कहा कि जल संग्रहण किया जाने के उद्देश्य से 10-10 हज़ार लीटर क्षमता की दो पानी की टंकियां भी स्थापित की जाए।

## दिल्ली की सीएम ने किया दुबे का सम्मान

**गंजबासौदा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता यशवंत दुवे ने 119 दिनों तक लगातार चुनाव में कार्य किया। विधानसभा सीट पर तकनीकी रूप से कार्य किया जो परिणाम स्वरूप सराहनीय रहा। पार्टी ने उनके कार्य की सराहना की। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत दुवे का सम्मान भी किया। सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, कृष्णा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।।



## रैली निकाल कर बताए यातायात के नियम



**गंजबासौदा।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम स्वरूप नगर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पंचम दिवस शिविर में सौरव विश्वकर्मा कर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने योगासन किया व व्यायाम के लाभ के बारे में जाना। स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य किया गया। जिसमें सूक्त गट्टा का निर्माण हुआ । परिसर की साफ-सफाई की गई। परिसर को स्वच्छ बनाया ।नुक्कड़-नाटक व नारो के साथ यातायात जन-जागरूकता रैली निकाली गई द्य बौद्धिक सत्र सर्वप्रथम मां सरस्वती व राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद की वंदना हुई। अतिथि के रूप में रितुज एलिया, दीपक शर्मा, शुभेन्द्र सिंह राजपूत, मोहित शर्मा, अभिषेक सिंह क्रीड़ा अधिकारी, कंचन वेद्य सहित महाविद्यालय सदस्य उपस्थित रहे।

## बनखेडी में कृषि विज्ञान मेला हुआ संपन्न किसानों को दी उन्नत कृषि की जानकारी



**नर्मदापुरम.** सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन 12 मार्च 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर बनखेड़ी में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा अजीत सिंह मंडलोई सभापति जिला कृषि स्थाई समिति, जिला पंचायत नर्मदापुरम के मुख्यआतिथ्य में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष बनखेड़ी श्रीमती पूनम पटेल, उपाध्यक्ष भाऊसाहाब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंदनगर उमेश सिंह पटेल, मकरान सिंह पटेल, श्रीमती पूजा अग्रवाल, सहसचिव केशव माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जैन, बोर्ड मेंबर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नीति राज पटेल, उपसंचालक कृषि जे.आर हेडाऊ, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनीशा श्रीवास्तव, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर विनोद बेड़ा, कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर दीपक खांडे, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर संजीव कुमार गर्ग एवं भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह राजपूत एवं जिला नर्मदापुरम के विभिन्न विकासखंडो से आए हुए किसान बंधु उपस्थित रहे साथ ही आभासी रूप से क्षेत्रीय लोकप्रिय सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उपसंचालक कृषि द्वारा कार्यक्रम का परिचय एवं रूपरेखा से अवगत कराते हुए बताया गया कि इस कृषि विज्ञान मेले का उद्देश्य किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीक एवं जैविक प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक करना है। किसानों से आग्रह किया गया की ग्रीष्मकालीन मूंग को शीघ्र पकाने या सूखने के लिए निंदानाशक रसायन विशेष कर ग्लाइकोसाइड, पैराक्वेट का प्रयोग ना करें।

## मिशन वात्सल्य : शौर्यादल और शौर्या दीदियों की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**नर्मदापुरम.** मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के सभा कक्ष में शौर्यादल सदस्यों और शौर्या दीदी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किशोर न्याय अधिनियम 2015 और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं के कानूनी अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए शौर्यादल और शौर्या दीदी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान की चिंता पुरुषों को करनी चाहिए और उनके विकास में सहयोग प्रदान करना चाहिए।

## ईश्वरीय रंग में रंगना ही श्रेष्ठ होली मनाना है- ब्रह्माकुमारी रेखा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गंजबासौदा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी को चंदन का तिलक लगाकर होली की बधाई देते हुए कहा कि होली के पावन पर्व पर एक दूसरे पर रंग डालने की प्रथा है। ज्ञान को रंग कहा जाता है। ज्ञानी मनुष्य का संघ अर्थात संबंध संपर्क में रहने वाली आत्माओं को भी ज्ञान का रंग चढ़ता है, उन्हें चोला धारण करने वाली चोली अर्थात आत्मा को परमात्मा से संबंध जुड़वा कर उसकी लाली से लाल करता है अर्थात् शक्ति लेने की विधि बताता है। इस सृष्टि में दो ही रंग है एक माया का रंग और दूसरा ईश्वरीय रंग। इस रंगमंच पर हर एक मनुष्य इन दोनों में से एक ना एक रंग में तो रगंता ही है। निःसंदेह ईश्वरीय रंग में रंगना श्रेष्ठ होली मनाना है क्योंकि इस रंग में रंगा हुआ मनुष्य ही योगी है। माया के रंग में रंगा हुआ मनुष्य तो भोगी है। आजकल होली के दिन छोटे-बड़े सभी मिलकर एक दूसरे के साथ होली खेलते हैं यहां तक कि जबरदस्ती भी रंग लगाते हैं, वास्तव में लगाना तो चाहिए ज्ञान का रंग, परन्तु देह अभिमानी लोग भौतिकवाद के कारण आध्यात्मिकता को तिलांजलि देकर भौतिक रंग एक दूसरे को लगाकर देश के करोड़ों रुपए और कपड़े खराब कर देते हैं ऐसी होली खेलने का क्या लाभ, जिससे खेल ही खेल में अनेक लोगों का दिल दुखता है। छोटे बच्चे बड़ों की पगड़ी उतारते हैं बड़े भी एक दूसरे पर कीचड़ उछालते हैं। अफसोस है कि होली के ऐसे पावन पर्व को लोगों ने कैसे हुल्लड़बाजी का पर्व बना दिया है। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने बताया कि होली का त्योंहार कलयुग के अंत और संगम के आदि के संगम समय की याद दिलाता है, क्योंकि तब परमपिता परमात्मा शिव ने अवतरित होकर ज्ञान होली खेली और आत्माओं ने उनके साथ मंगल मिलन मनाया। क्योंकि सतयुग और त्रेतायुग ब्रह्मा का दिन और द्वापर तथा कलयुग ब्रह्मा की रात कहा जाता है वर्तमान समय हम ब्रह्माकुमार और कुमारीयां परमपिता

## पोषण आहार वितरित करने गए वाहन चालक से मारपीट, वाहन में की तोड़फोड़

**पांच थे मारपीट के समय, पुलिस ने दो पर दर्ज किया मामला**

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आने वाले महगवाकला गांव में मंगलवार की दोपहर आंगनबाड़ी केदो पर पोषण आहार वितरण करने पहुंचे वाहन चालक के साथ स्थानीय लोगों के द्वारा मारपीट कर दी। साथ ही वाहन में तोड़फोड़ कर दी। उसके बाद घायल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। घायल वार्ड नो निवासी प्रीतम साहू ने बताया वह सुदामा यादव के साथ महिला बाल विकास का पोषण आहार आंगनबाड़ी के केंद्रों में वितरण करने का कार्य करते है। मंगलवार को वह पोषण आहार की बोरिया लेकर अपने मिनी ट्रक से सैलवाडा सेक्टर गये थे। महगवाकला आंगनबाड़ी केंद्र में जब वह वाहन से बोरियां उतार रहे थे। उसी समय बलिराम साहू, महेंद्र साहू, अंकित साहू, रज्जो साहू और महेंद्र साहू की बहू ने एक राय होकर उस पर लाठियों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीतम सुदामा के साथ तेंदुखेडा थाने पहुंचा पुलिस को पूरी घटना बताई लेकिन पुलिस ने पांच की जगह दो पर मामला दर्ज किया प्रीतम के शरीर में कई जगह चोट आई उसके बाद आरोपियों ने 407 वाहन पर पत्थर फेंके और सीसे फोड़ दिए।



जिन लोगों के साथ मारपीट हुई उनके साथ फूटी 407 की फोटो

सुदामा यादव ने बताया कि वह भी साथ में था। अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों में बोरिया उतरने के बाद महगवाकला आंगनबाड़ी केंद्र में बोरिया उतार रहे थे। तभी बलिराम और अन्य दो पुरुष और दो महिलाओं ने प्रीतम के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद 407 वाहन के साथ तोड़फोड़ कर दी जिसमें वाहन भी पूरी तरह क्षतिगस्त हो गया। सुदामा यादव ने बताया हम लोग तेंदूखेड़ा थाने गये पूरी घटना बताई, लेकिन पुलिस ने पांच की जगह दो लोगों को मामले में आरोपी बनाया है।

### सगे संबंधी है मारपीट करने वाले

पीतम साहू ने जिन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है वह उसके सगे संबंधी है पीतम साहू ने बताया कुछ दिन पहले बलिराम साहू की लकड़ी की शादी थी उसमें मेरा और बलिराम का विवाद हो गया था उस दिन मामला वहीं खत्म हो गया था लेकिन में मुगलवार को खाद्यान्न की बोरी लेकर गया तो मेरे साथ साडू भाई और उसके पूरे परिवार ने मारपीट की और कह रहे थे यदि अब महगवा में दिखे तो जान से मार देगे

सुदामा यादव ने परियोजना अधिकारी को भी लिखित शिकायत की है जिसमें बताया हैं कि पीतम साहू के वाहन से प्रत्येक माह आंगनबाडियों तक पोषण आहार हमलोग भेजते थे मगर मंगलवार को पीतम का रास्ता रोककर मारपीट की गई और वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिया बीच बचाव में मेरे साथ ही गली गलौज की गई है सुदामा यादव ने बताया मेरे ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सामने पांच लोगो ने मारपीट की है

**मेट्रो एंकर** हफ्तों तक घटना स्थल पर पड़े रहते हैं वाहन पुलिस नहीं लेती खोज खबर

# कई वाहनों के सामान चोरी, कई मामलों में घटना के बाद बदल दिए गए वाहन!


**विशाल रजक तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

जिले के तेंदूखेड़ा अनुविभाग में सड़क हादसों में पुलिस की लापरवाही देखने में आ रही है। जिसमें सड़क हादसे के बाद हफ्तों तक वह वाहन उसी स्थान पर पड़ा रहता है, लेकिन पुलिस उन्हें उठवाकर थाने नहीं रखवाती। उसके बाद पीड़ित पक्ष के लोग जिस वाहन की शिकायत दर्ज कराते हैं उस आधार पर मामला दर्ज हो जाता है।

इसका एक कारण यह भी है कि आम जनता पुलिस को सूचना भी नहीं देती। ऐसी स्तिथि में उन लोगों को बड़ा नुकसान हुआ है जिनके ये वाहन थे। कई वाहनों की फोटो लोगों द्वारा मीडिया को दी गई हैं। जिनके वाहन घटना स्थल पर पड़े पड़े हैं और आधा सामान चोरी हो गया।।







### सबसे ज्यादा दर्ज हुऐ मामले

वर्ष 2024 में पूरे वर्ष में सबसे अधिक सड़क हादसे हुये है अधिकाश घटनाओं पर तेंदुखेडा पुलिस मौके पर नहीं पहुंची - वर्ष 2024 में पूरे वर्ष में सबसे अधिक सड़क हादसे के मामले तेंदुखेडा थाने में दर्ज हुये है और अधिकाश मामले में घटनाओं पर तेंदुखेडा पुलिस नहीं पहुंची उसके बाद भी जैसा घायल या मृतक के परिजनो ने बताया उसी आधार पर पुलिस ने बीना जांच किए मामले दर्ज कर लिए

अब ऐसे दर्ज मामलों को लेकर लोग तरह तरह की बात करने लगे है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यदि तीन वर्ष में दर्ज हुऐ मामले के आंकड़े देखे जाए तो वर्ष 2024 में जितने मामले तेंदुखेडा थाने में एक्सीडेट के दर्ज हुए है उतने कभी नहीं हुए वर्ष 2022 ने पूरे वर्ष में सड़क हादसों के मात्र 25 मामले दर्ज हुऐ थे वर्ष 2023 में पूरे वर्ष में 75 एक्सीडेट के मामले दर्ज हुऐ थे जबकि वर्ष 2024 में इन मामलों की संख्या 200 पार कर गई जो अभी तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है

### क्षतिग्रस्त या लापता हो गये वाहन

कुछ जानकारो ने बताया घटना जब होती है उस समय पुलिस की जगह डायल सो मौके पर जाती हैं सड़क हादसे में घायल या मृतक तो अस्पताल आ जाते है मगर वाहन भी खड़ी रहते है जो हापतो उसी जगह पर खड़े रहते हैं बाद में जब घायल या मृतक लोगों के परिजन जैसी जानकारी देते हैं उसी आधार पर तेंदुखेडा पुलिस मामला दर्ज कर लेती है जो वाहन परिजन बताते है उसी की जप्ती हो जाती हैं दूसरे शब्दों में हम काहे तो पुलिस को गुमराह करके लोग उन वाहनों को अलग कर देते हैं जिनके दस्तावेजों में कमी होती है और वह वाहन थाने में खड़े कर देते है जिनके दस्तावेज पूरे होते है ऐसी स्तिथि में कही न कही बिना कंपनियों को बड़ी मात्रा में नुक्सान हो रहा है क्योंकि जिन वाहनों से हादसे होते है वह सप्ताह या पंद्रह दिन तक तो लापता रहते है

### बाइक सवार मौत ,वाहन लापता

इसी तरह का एक मामला मुगलवार को हमारे सामने आया जब सोमवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और तेंदुखेडा पुलिस को घटना के बाद दिन बाद भी कोई जानकारी नहीं है

मामला पांच मार्च का है जब बैलडाना निवासी मोहन आशाराम केवट अपनी मोटरसाइकिल से था और सामने से साइकिल पर रामलाल पिता निद्रा केवट आ रहा था दोनों में भिड़त हो गई दोनों तेंदुखेडा उपचार के लिए आये मोहन केवट को जबलपुर रिफर किया गया था जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई बाद में उसका ग्रह ग्राम में अंतिम संस्कार हुआ मगर अभी तक पुलिस ने उस मोटर साइकिल और साइकिल का पता नहीं किया है जिससे यह घटना हुई है अब इस मामले में भी मृतक के परिजन जो मोटरसाइकिल बनायेंगे उसी को पुलिस जप्त करेगी किंतु अब यह पता नहीं चल पायेगा कि जो पुलिस मोटरसाइकिल जप्त करेगी यह वही हैं या उसको बदला गया है

### फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करके राशि आहरित करने का मामला

# शिकायत के बाद भी डीईओ नहीं कर पाए कारवाई, जांच का खेल जारी!

■ शिकायतकर्ताओं पर बनाया जा रहा मानसिक दबाव

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**




फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करके उक्त राशि से समग्री खरीदने के मामले में शिक्षक विभाग के जिम्मेदारी अधिकारी एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी धरातल पर ठोस कर्रवाई नहीं कर सके बस 1 सप्ताह से मामले की जांच चल रही है इससे आगे गाड़ी नहीं बड़ी अभी भी जांच का खेल चल रहा है या फिर मामले को दबाने का प्रयास हो रहा है दूसरी ओर शिकायतकर्ताओं पर मानसिक दबाव भी बनाया जा रहा। धरातल पर ठोस कार्रवाई नहीं होना से मामला शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ। अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नियम को दरकिनार करते हुए प्रभारी प्राचार्य पर कई गड़बड़ियां करने के आरोप लग रहे हैं शिकायत भी हो चुकी है। कस्बा ताल संकुल प्राचार्य की शिकायत के बाद मुसीबत बढ़ती जा रही है इतना गंभीर मामला सामने आने के बद भी अभी तक कार्रवाई नहीं होना सभी के लिए चर्चा का विषय बन गया है । वहीं शिकायतकर्ता ऋषिता पटेल का कहना है कि मेरे शिकायत करने के बाद से ही मुझ पर कई लोगों के फोन आने लगे हैं तो कई लोग मानसिक दबाव बना रहे हैं,। मुझे अन्य तरह से नोटिस जारी कर कार्यवाही के लिए भी डराया जा रहा है पर मैं किसी से डरने वाली नहीं हूं न्याय के लिए लड़ रही हूं गलत करने वालों के कारनामे उजागर करके ही न्याय की लड़ाई लड़ूंगी

### कब होगी ठोस कार्रवाई

**लगातार शिकायत और कई मामले सामने आने के उपरांत भी ठोस कार्रवाई नहीं** - शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सांठ गांठ के चलते संकुल प्राचार्य पर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। केवल अधिकारियो के द्वारा जॉच टीम बनाकर खाना पूर्ति करने का काम किया जा रहा है,। इससे पहले फर्जी हस्ताक्षर कर 70 हजार रुपए से अधिक की राशि की शिकायत के मामले की जांच चल रही है। इसके अलावा स्वयं छुट्टी पर रहते हुए नोटिस जारी कर शासकीय पद और पद मुद्रा का दुरुपयोग कर रहा है फिर भी जिम्मेदार तमाशा का देख रहे हैं।। वही इस मामले को एक सप्ताह बीत गया है। इसके बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई होती हुई दिखाई नहीं पड़ रही है। हालांकि विभागीय अधिकारी जांच की बात जरूर कर रहे हैं।

**अन्य संकुल केंद्रों पर भी बन रही यही स्थिति** - सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अन्य संकुल केंद्रों पर भी यही स्थिति सामने आ रही है, जहां पर कई अतिथि शिक्षक शिक्षा विभाग में पदस्थ अधिकारी कर्मचारीयों रिश्तेदार है तो कई लोग जनप्रतिनिधियों के सगे संबंधी हैं, जो कभी कभार ही विद्यालय में पहुंचते हैं, इसके बावजूद भी इन अतिथि शिक्षकों की राशि बिना स्कूल जाए खातों में डाल दी जाती है। इस तरह के भी कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं, इसके बावजूद भी अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। यदि सभी संकुल केंद्रों पर अति शिक्षकों के रखने के संबंध में जांच की जाए तो ऐसे कई मामले सामने आ सकते हैं।

### इनका कहना है

मामला गंभीर है मैं खुद इस मामले की अलग से जांच करवाऊंग यदि गड़बड़ी हुई है तो हम कार्रवाई करेंगे।

-हर्षल चौधरी एसडीएम

प्राचार्य के सारे मामलों की हम जांच करवा रहे हैं, जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

- रामकुमार ठाकुर
जिला शिक्षा अधिकारी

# विधायक शर्मा ने बजट को बताया समावेशी ,कांग्रेस ने कहा झुनझुना दिया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा देवड़ा के द्वारा 4 लाख करोड़ से ऊपर का बजट बजट विधानसभा में पेश किया गया इसमें कोई नया कर भी नहीं लगाया गया है। बजट पर विधायक उमाकांत शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए

कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने बहुत अच्छा बजट पेश किया है । इसमें सर्वव्यापक, सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी, मजदूर, किसान, गरीब वर्ग तथा मातृ शक्ति एवं युवा शक्ति के हित में बिना नये कराधान का ऐतिहासिक, स्वर्णिम और विकासोन्मुखी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय तथा सर्वोदय का बजट प्रस्तुत किया है।

पार्टी के संकल्प पत्र को पूर्ण करते हुए यह बजट गरीब हितैषी यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत 2047 के दृष्टि पत्र को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश की 8 करोड जनता की जिदंगी बदलने वाला और जीवन स्तर ऊँचा करने वाला बजट हैं।

दूसरी और प्रदेश कांग्रेस सह सचिव सुरेंद्र रघुवंशी ने ने कहा कि बजट में केवल कर्ज का बोज लाने का काम किया गया है किसी भी वर्ग को कुछ नहीं दिया किसानों को जिला सहकारी बैंक से केसीसी की राशि 5 लाख करनी थी लाडली बहनों को 2000 महीने मिलने की उम्मीद थी पर उनको भी निराशा हाथ लगी नौजवानों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिए कोई पहले नहीं की नौकरी देने की जगह सभी क झुनझुना पकड़ा दिया किसी भी वर्ग को इस बजट में कुछ नहीं मिला बजट पूर्ण रूप से निराशाजनक है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, गरीब परिवार की गृहस्थी हुई खाक, रो-रो कर बुरा हाल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



ग्राम बगरोदा में दोपहर में अचानक एक कच्चे घर में आगजनी की घटना घटित होने से मजदूर परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई इसके चलते परिवार का रो रो का बुरा हाल है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बगरोदा निवासी अशोक नामदेव के घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर बर्बाद हो गया बताया जा रहा है कि घर के अंदर खाने पीने का सामान एवं गेहू तथा बास वल्ली, पहनने, ओढ़ने बिछाने के कपड़ा के आलावा नगद 40 हजार रुपए एवं सोने चांदी के कुछ आभूषण जल कर खाक हो गए। अशोक नामदेव ने बताया की दोपहर करीब 12.30 बजे अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण घर में रखा घर गृहस्ती का संपूर्ण सामान जलकर नष्ट हो गया बचाने का समय भी नहीं मिला जिस समय घर में आग लगी थी परिवार उस समय खेत पर मजदूरी पर फसल काट रहा था। वही उन्होंने बताया कि घर में 8 सदस्य हैं, अपना गुजारा मजदूरी करके करता हूं, इस घटना से इनके ऊपर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।इनकी पत्नी और बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। रानी नामदेव का कहना है कि उनके पिता ने दहेज में जो सामान दिया था। वह भी जल कर नष्ट हो गया। पीड़ित अशोक नामदेव ने एसडीएम को आवेदन देकर शासन से राहत की मांग की है। वहीं एसडीएम में जांच कर कर नियम अनुसार सहायता राशि उपलब्ध प्राप्त करने का भरोसा पीड़ित परिवार को दिया है।

## 12 तारीख बीतने के बाद भी वेतन नहीं मिला, राज्य कर्मचारी संघ ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**सिरोंज।** मार्च महीने की 12 तारीख निकल जाने के उपरांत भी वेतन नहीं डाली गई है। होली का त्योहार भी इनका बिना वेतन के ही निकलेगी ऐसी स्थिति बनी हुई है। राज्य कर्मचारी संघ ने वेतन तथा एरियल की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार संजय चौरसिया से देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष यतेंद्र पांडे ने कहा कि वैसे तो हर महीने 1 से लेकर 3 तारीख तक हमारे खातों में वेतन डाल जाती जाती थी इस बार नहीं आई है होली का त्योहार बिना वेतन के हम लोग कैसे मनाएंगे वेतन नहीं आने से हमें आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है शीघ्र ही वेतन का भुगतान करवाया जाए एवं एरिया डलवाने की भी मांग की है। इस दौरान। ललित चौरसिया रामसेवक शर्मा, मनोहर कुर्मी , राजीव शर्मा, राहुल सक्सेना, राजकुमार बैरागी , सुनील राठौर आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## अवैध रूप से नशे के कारोबार करने वालों पर कार्रवाई के लिए, एसडीएम को दिया आवेदन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



वार्ड क्रमांक 17 पंचकुइयों निवासी चेतना अहिवार ने एसडीएम चौधरी आवेदन देकर अवैध रूप स्मैक पाउडर की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि नशा करने वालों के द्वारा घरों में चोरी की जाती मेरे घर में चोरों द्वारा चोरी की गई जिसकी रिपोर्ट थाना मैं दर्ज नहीं की गई । इन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 17 राणापुर पंचकुइयों पर पाउडर की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है जिसकी लता नौजवान युवकों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इस कारोबार को अंजाम देने वालों पर पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। नशे का शौक पूरा करने के लिए यह लोग घरों में चोरियां कर रहे हैं। घर परिवार भी बर्बाद हो रहे हैं। इनके खिलाफ पुलिस चोरी की रिपोर्ट नहीं लिख रही है ।चेतना अहिरवार ने इसके संबंध में एसडीओपी , पुलिस अधीक्षक विदिशा को आवेदन देते हुए मांग की है कि थाना में मेरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाए एवं नगर में बिक रहा है स्मैक पाउडर विक्रय करने वालों पर ठोस कार्रवाई की जाए।

# जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी की अच्छी पहल: वक्फ संपत्ति की नंबरिंग कराने की शुरूआत हुई आरंभ

■ किराया न देने वालो पर होगी कानूनी कार्यवाही

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**




जामा मस्जिद कमेटी सिरोंज के द्वारा वक्फ हित मे अच्छे कार्य किए जा रहे हे जहां जामा मस्जिद की वक्फ संपत्तियों को नए सिरे से स्वारा जा रहा हे वहीं आम लोगो को आसानी से जामा मस्जिद की वकफिया संपत्ति अलग ही लिखी हुई नजर आए यह प्रयास अभी लगभग तीन महीने पहले जामा मस्जिद कमेटी की नवीन प्रबंधक कमेटी द्वारा कराया जा रहा हे नवीन प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष वसीम मोहम्मद , एवं उनकी कमेटी द्वारा मात्र तीन महीने चार्ज लिए हुए हे उक्त कमेटी ने जामा मस्जिद की दुकानों, मकानों, का नक्शा ही पलट दिया अब हर कोई जामा मस्जिद की मेन बाजार की दुकानें हो या पीछे मालीपुरा वाली गली की दुकानें हो, या सत्खनी के कमरे हो, कहारा बाजार स्थित दुकानें हो सब पर जामा मस्जिद कमेटी द्वारा नंबरिंग कराई गई हे उस दुकान पर वक्फ जामा मस्जिद, या वकफिया संपति लिखकर हर दुकान पर नंबर डाला गया हे जिससे आम आदमी को पता लगेगा के यह जामा मस्जिद की वकफिया संपत्ति हे

जामा मस्जिद कमेटी ने जामा मस्जिद के ऊपर वाले हिस्से मे मस्जिद का वक्फ कार्यालय भी बनाया है जिससे किराएदारों को होने वाली परेशानियों को कार्यालय मे बैठकर सुलझाया जाए पिछले डेढ़ महीने से इसी वक्फ कार्यालय द्वारा ही जामा मस्जिद कमेटी द्वारा सारे कार्य कर रही हे कमेटी द्वारा बहुत हद तक किराएदारों का मामला सही करा हे अब ज्यादातर किरायेदार समय पर किराया अदा कर रहे हे जिन्होंने पिछले कई महीनों या सालों से किराया नहीं दिया उन लोगों को कमेटी द्वारा नोटिस जारी करे हे नोटिस की समय सीमा मे अगर किरायेदार द्वारा किराया जमा नहीं किया जाता है तो उस किरायेदार के ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाएगी

### मसाजिद कमेटी का गठन

जामा मस्जिद कमेटी द्वारा शहर काज़ी अब्दुल रशीद खान की सरपरस्ती मे मसाजिद कमेटी का गठन किया हे जिसमें शहर की मस्जिदों के दो -दो जिम्मेदार लोगों को जोड़ने का काम चल रहा हे अभी कुछ हद तक इसमें ज्यादातर मस्जिदों के लोग जुड़ गए हे मसाजिद कमेटी के जरिए हर एक मस्जिद के बाहर मस्जिद का नाम लिखवाया जाएगा, एक नोटिस बोर्ड जिस पर दीनी पम्पफ्लेट लगाने की जगह होगी बनवाया जाएगा इसके अलावा जिन मस्जिदों, मदरसों की वकफिया दुकानों, मकान आदि हे उन पर वक्फ संपत्ति लिखवाकर मस्जिद का नाम और दुकानों की नंबरिंग मस्जिदों के जिम्मेदारों द्वारा कराने की अपील मसाजिद कमेटी करती हे मसाजिद कमेटी द्वारा वक्त वक्त पर मीटिंग करके मस्जिदों के निजाम को बेहतर से बेहतर बनाया जाएगा मस्जिद कमेटी के जिम्मेदार लोग शहर काज़ी, एवं जामा मस्जिद कमेटी के लोगो से संपर्क कर सकते हे जामा मस्जिद कमेटी की नवीन प्रबंधक कमेटी जिसे मात्र तीन महीने भी पूरे नहीं हुए उक्त कमेटी ने जामा मस्जिद के होने वाले कामों को पूरा प्लान बना कर तैयार किया हे जिसमें 31मार्च तक जामा मस्जिद की दुकान, मकान,कमरे, का पूरा काम जैसे बकाया किराएदारों से बार बार बात करके उनसे किराया वसूल किया जा रहा हे जिनके पिता, के नाम दुकान चली आ रही हे पुराने किराए मे उनकी दुकानों का नया किराया नामा नए किराएदारी के साथ किया जा रहा हे और जो किरायेदार बहुत समय से किराया जमा नहीं कर रहे हे उनको कमेटी द्वारा नोटिस दिए जा रहे है प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष वसीम मोहम्मद ने बताया जो किरायेदार किराया जमा नहीं कर रहे हे उनको नोटिस दिया जा रहा हे अगर नोटिस के बाद भा किराया नहीं जमा करते हे तो वक्फ बोर्ड कार्यालय भोपाल द्वारा आदेश कराकर इन दुकानदारों के खिलाफ कोर्ट कैस किया जाएगा

जामा मस्जिद कमेटी की कृषि भूमि जो कि ग्राम महू, ग्राम हबीब गंज, शाइस्ताबाद, एचनबाड़ा, बरखेड़ी, अहीरखेड़ी, आदि ग्राम मे हे उन किसानों को नोटिस देने की तैयारी की जा रही हे मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड कार्यालय से आदेश कराकर जल्द ही इन कृषि भूमि पर काबिज लोगों से शासन प्रशासन, की मदद से पुराना पैसा वसूल किया जायेगा अगर यह किसान जामा मस्जिद की कृषि भूमि का पैसा जमा नहीं करते हे तो मध्य प्रदेश वक़्फ़ बोर्ड कार्यालय से आदेश प्राप्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी

जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के पदाधिकारीयो मे अध्यक्ष डॉक्टर वसीम, उपाध्यक्ष, हाफिज मुशीर अहम, सचिव एडवोकेट मुश्ताक गोरी, कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल सत्तार मंसूरी, एवं सदस्य मौलवी इश्तियाक, शमीम कुरैशी, हाफिज खालिद खान हे इन्हीं कमेटी द्वारा जामा मस्जिद के निजाम को बेहतर से बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा हे

## निशुल्क हृदय रोग शिविर में 125 मरीजों की मिला लाभ



**गंजबासौदा।** लायंस क्लब द्वारा मानस भवन में निशुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हृदय संबधी रोगों की जांच की गई। एवं शिशु से 18 वर्ष तक के बच्चों एवं जिन लोगों को हार्ट सर्जरी बतलाई गई है एवं एंजियोग्राफी एंजियोप्लास्टी एवं बायपास सर्जरी बतलाई गई है उनका ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड द्वारा अनंत अस्पताल में निशुल्क किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी दल लायंस क्लब की विनीता गोयल, विजय अरोरा, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा दी गई उन्होंने कहा कि इस शिविर में विख्यात हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर ज्ञानेंद्र नीखरा, डाक्टर सूर्यदेव, संजीव, तरुण ,अरुण ,योगेंद्र शर्मा, रश्मि राय,आरती खत्री ने अपनी सेवाएं प्रदान की। जिसमें लगभग 125 से अधिक मरीजों का परीक्षण किया वहीं दूसरी ओर 12 से अधिक मरीजों को राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम में शामिल एवं आयुष्मान कार्ड द्वारा अनंत अस्पताल में भर्ती कराया जाकर उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जावेगा। कार्यक्रम का संचालन विनीता गोयल ने किया। इस अवसर पर सभी डॉक्टर्स को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

**मेट्रो एंकर** तारादेही में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने भाईचारे के साथ मिलकर होली मनाने की अपील

# अशांति फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट न डालें निगरानी होगी

**तेन्दूखेड़ा/तारादेही, दोपहर मेट्रो**



बुधवार को तारादेही थाना परिसर में शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने त्यौहारों में शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई बताया गया गुरुवार को होलिका दहन 14 को धुलेंडी 19 मार्च को रंगपंचमी मनाई जाएगी होलिका दहन के दौरान आग बुझने तक निगरानी रखने बिजली आपूर्ति सुचारू रखने पर चर्चा हुई थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने सभी से त्यौहारों को शांति और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की उन्होंने असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया थाना प्रभारी ने बताया कि तारादेही ग्राम के अलावा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अन्य ग्रामों में भी पुलिस की नजर रहेगी और पुलिस जवान तैनात किए जा रहे हैं पुलिस का सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए।

### छोटी मोटी गलती नजरअंदाज करनी होगी थाना प्रभारी

बैठक में सभी ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन दिया थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने कहा कि होली का पर्व मस्ती का त्यौहार होता है त्यौहार के दौरान यदि कोई छोटी-मोटी गलती करता है तो उसे नजरंदाज करना होगा सभी को साथ मिलकर त्यौहार मनाना चाहिए इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन सहित तारादेही ग्रामवासी जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग सहित पुलिस स्टाफ बैठक में मौजूद था।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में रोहित नंबर-3 बल्लेबाज, गिल पहले नंबर पर कायम

## बॉलर्स में जडेजा की टॉप-10 में एंट्री, कुलदीप तीसरे स्थान पर

**दुबई, एजेंसी**

आईसीसी वनडे बैटर्स रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के उप कप्तान शुभमन गिल अभी भी टॉप पर बने हुए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में 76 रन की शानदार पारी खेलने वाले रोहित शर्मा को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में 2 पायदान का फायदा हुआ। जारी रैंकिंग में रोहित ने विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन को पीछे छोड़ा। रोहित की रेटिंग बढ़कर 756 हो गई है। विराट 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। बॉलर्स रैंकिंग में स्पिनर कुलदीप यादव को 3 और कीवी कप्तान मिचेल सैंटनर को 6 स्थान का फायदा हुआ। कुलदीप तीसरे और सैंटनर दूसरे स्थान पर आ गए हैं।

रवींद्र जडेजा की टॉप-10 में एंट्री हुई है। वह 13वें से 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में रोहित शर्मा को उनकी 76 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। बाबर अब भी टॉप-2 बल्लेबाज पाकिस्तान के बाबर आजम 770 पॉइंट के साथ नंबर दो पर जमे हुए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे अब 721 रेटिंग पॉइंट के साथ छठे स्थान पर चले गए हैं। आयरलैंड के हैरी टैक्टर एक पायदान नीचे गिरकर नंबर 7 पर चले गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले श्रेयस अय्यर 8वें स्थान पर बरकरार हैं। श्रीलंका के चरिथ असलंका 694 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान 676 रेटिंग पॉइंट के साथ 10वें नंबर पर हैं।

बल्लेबाजों में टॉप-10 में 4 भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज शामिल हैं। रोहित, शुभमन, विराट और श्रेयस अय्यर रैंकिंग के टॉप-10 में हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ने 14 स्थानों की लंबी छलांग लगाई है। रचिन अब 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के केएल राहुल एक स्थान नीचे गिर गए हैं और 16वें पायदान पर चले गए हैं। बॉलर्स रैंकिंग में कुलदीप-जडेजा को 3-3 स्थान का फायदा बॉलर्स रैंकिंग में कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा को 3-3 स्थान का फायदा हुआ है। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप अब छठे से तीसरे पायदान पर आ गए हैं। उनकी रेटिंग 650 है।



वहीं लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा 616 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 13 से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। फाइनल में चोट की वजह से नहीं खेले न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को 2 स्थान का नुकसान हुआ है। वे छठे पोजिशन पर चले गए हैं। अफगानी स्पिनर राशिद खान और साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2-2 पायदान का नुकसान हुआ है। केशव चौथे और राशिद 7वें स्थान पर खिसक गए हैं। ऑलराउंडर्स में ब्रेसवेल को 7 और रचिन को 8 पायदान का फायदा आईसीसी की ऑलराउंडर्स रैंकिंग में कीवी स्पिनर माइकल ब्रेसवेल को 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे 14 से 7वें पोजिशन पर आ गए हैं। ओपनर रचिन रवींद्र को 8 स्थान का फायदा हुआ। वे 16 से 8वें स्थान पर पहुंच गए। उनकी रेटिंग 230 है। भारत के रवींद्र जडेजा को एक स्थान का नुकसान हुआ है। जडेजा 9 से 10वें पायदान पर गिर गए हैं। उनकी रेटिंग 220 है। भारतीय ओपनर शुभमन गिल को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पीछे छो?कर यह अवॉर्ड हासिल किया। गिल का यह तीसरा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड है।

# शतरंज की बिसात पर भारत के दबदबे से घबराया अमेरिका

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शतरंज ने बीते कुछ सालों में तेजी से विकास किया है और हर टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने छाप छोड़ी है, चाहे वह ओलंपियाड हो, विश्व सीनियर व जूनियर चैंपियनशिप हो। शतरंज की बिसात पर भारतीयों के लगातार बढ़ते दबदबे को देखकर अब अमरीका भी घबरा गया है। अमरीका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हेंस नीमन ने अपने देश के शतरंज महासंघ को चेतावनी दी है कि अगर समय रहते बुनियादी ढांचे में बदलाव नहीं किया तो हम गुमनामी में खो जाएंगे। नीमन ने सोशल मीडिया पर लिखा, कि भारतीय शतरंज प्रतिभाओं के तेजी से आगे बढ़ने के पीछे सरकार का समर्थन, दिग्गजों का मार्गदर्शन और देशभर से मिलने वाले प्यार और सम्मान का बहुत बड़ा हाथ है। जिसकी अमरीका में कमी है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। नीमन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हम शतरंज की दुनिया पर राज करना चाहते हैं तो हमें दूसरे देशों से खिलाड़ी खरीदने के बजाय अपने यहां की युवा प्रतिभाओं का समर्थन करना चाहिए। हमारे युवा शतरंज को करियर नहीं मानते नीमन ने कहा, भारत में विश्वनाथन आनंद जैसे महान खिलाड़ी युवाओं को बढ़ावा देते हैं। बड़ी कंपनियां और भारत सरकार खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है, लेकिन अमरीका में कोई बुनियादी ढांचा नहीं है। हमारे युवा खिलाड़ी शतरंज को करियर नहीं मानते क्योंकि यहां वित्तीय सुरक्षा नहीं है।



### भारत शतरंज का पावरहाउस

भारत के पास डी गुकेश के रूप में वर्तमान विश्व चैंपियन हैं, जबकि ओपन और महिला वर्गों में हम ओलंपियाड के गत विजेता भी है। जूनियर विश्व चैंपियनशिप में हाल में प्रणव वेंकटेश ने खिताब जीता है, जबकि उसी दिन प्राग मास्टर्स में अरविंद चितंबरम चैंपियन बने।

### भारतीय मॉडल सबसे अच्छा

जब मैं शतरंज को देखता हूं तो एक ऐसा देश मुझे दिखता है जो बहुत अच्छा कर रहा है। जहां पूरा तंत्र उस खेल को विकसित करने में जुटा हुआ है। वह देश भारत है। मुझे लगता है कि वर्तमान में शतरंज में भारत का मॉडल सबसे अच्छा है। मैं यह सब कुछ अमरीका में भी चाहता हूं। -हिकारू नाकामुरा, अमरीकी खिलाड़ी

# महमूदुल्लाह का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

## वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बांग्लादेशी; टीम के लिए 430 मैच खेले

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेशी प्लेयर महमूदुल्लाह ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। बुधवार को महमुदुल्लाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर रिटायरमेंट एनाउंस किया। 39 साल के महमुदुल्लाह पहले ही 2021 में टेस्ट और 2024 में ञ्20ढ्ढ से संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने कुल 430 इंटरनेशनल मैच खेले। वनडे में महमूदुल्लाह बांग्लादेश के लिए चौथे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 36.46 की औसत के साथ 5689 रन बनाए, जिसमें 4 शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। वनडे में बांग्लादेश के लिए महमूदुल्लाह से ज्यादा रन मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन और तमिम इकबाल के नाम हैं। महमूदुल्लाह महमूदुल्लाह ने अपनी पोस्ट पर लिखा, %मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने सभी साथियों, कोचों और खासकर अपने फैंस को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है। मेरे भाई इमदाद उल्लाह को बहुत-बहुत धन्यवाद। जो बचपन से ही मेरे कोच और गुरु के रूप में मेरे साथ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरी पत्नी और बच्चों को धन्यवाद, जो हर मुश्किल समय में मेरा साथ देते रहे हैं। मुझे पता है कि लाल और हरी जर्सी में मेरी कमी खलेगी। हर चीज का अंत बिल्कुल सही तरीके से नहीं होता।



# वर्ल्ड मिक्स्ड डबल्स टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालीफायर पेरिस कोटा हासिल करने में साथियान-मनिका असफल

**लेटेस्ट, एजेंसी**

भारत के साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को चेकिया के हाविरोव में वर्ल्ड मिक्स्ड डबल्स टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट से पेरिस 2024 कोटा हासिल करने में असफल रहे। 18वें स्थान पर मौजूद भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों को क्वार्टरफाइनल में विश्व में 153वें स्थान पर मौजूद मलेशियाई जोड़ी से हार मिली। मिक्स्ड डबल्स वर्ल्ड टेबल टेनिस रैंकिंग में 18वें स्थान पर मौजूद भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली। आपको बता दें कि आठवीं वरीयता प्राप्त साथियान और मनिका की जोड़ी को राउंड ऑफ 16 में बाई मिला था। जहां पहले नाकऑॅउट राउंड के क्वार्टरफाइनल में हार के बाद विश्व मिश्रित युगल टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालीफायर में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने का यह उनका अंतिम मौका था। जहां इस दौरान पहले नाकऑॅउट राउंड में, साथियान और मनिका की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में 21वीं वरीयता प्राप्त डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कोरिया की जोड़ी री जोंग सिक और किम कुम योंग से 4-1 (7-11, 10-12, 11-9, 6-11, 6-11) हार मिली थी। आखिर में री सिक और योंग ने नॉकआउट 1 में स्वर्ण पदक जीता और पेरिस के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया।



**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**




# ट्विंकल बोलीं- बॉलीवुड में आजकल महिला प्रधान फिल्में लोगों को पसंद

'लापता लेडीज' फिल्म की अबतक कई बड़ी हस्तियों ने तारीफ की है। अब इस फिल्म को लेकर पूर्व अभिनेत्री और लेखक ट्विंकल खन्ना ने भी अपनी राय जाहिर की है। उन्होंने कहा कि आजकल महिला प्रधान फिल्में दर्शकों को पसंद आ रही है।किरण राव निर्देशित इस फिल्म ने सबका ध्यान खींचा है। ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित इस कॉमडी ड्रामा में भर-भर के इमोशंस डाले गए हैं। फिल्म में सभी कलाकारों ने बेहतरीन काम किया है। फिल्म तीन मुख्य किरदारों फूल कुमारी, जया और दीपक के इर्दगिर्द घूमती रहती है। फिल्म की कई बड़ी हस्तियों ने तारीफ की है। अब इस लिस्ट में पूर्व अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना का नाम भी जुड़ गया है। फिल्म को निर्देशक हंसल मेहता, अभिनेत्री करीना कपूर खान, आलिया भट्ट, शबाना आजमी , सनी देओल जैसे कलाकारों से तारीफ मिल चुकी है। अब ट्विंकल खन्ना ने भी फिल्म की समीक्षा की है। पूर्व अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक रील साझा की है। इस रील का शीर्षक है, आठ ऐसी फिल्में जिनमें महिलाएं पुरुष प्रधान सोच पर भारी पड़ी हैं। इस वीडियो में पहला नाम फिल्म लापता लेडीज से शुरु होता है। इस वीडियो को स्टोरी पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि 'लापता लेडीज' उन्हें काफी पसंद आई है। उनकी स्टोरी को फिल्म की निर्देशक किरण राव ने वापस से अपनी स्टोरी पर साझा किया। बताते चलें कि इस फिल्म से किरण राव ने बतौर निर्देशक वापसी की है। उन्होंने करीब एक दशक के बाद निर्देशक की कुर्सी संभाली है। इससे पहले उनकी आखिरी फिल्म धोबी घाट थी। यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी।

# हॉरर टीवी शो को देखकर डर जाते थे राजकुमार राव

राजकुमार राव ने एक साक्षात्कार में बताया कि वह हॉरर फिल्में और टीवी शो को देखकर डर जाते थे। उन्होंने बताया कि 'शशश...कोई' है और 'आहट' उन टीवी शो में शामिल है, जिन्हें देखकर वह काफी ज्यादा डर गए थे। राजकुमार राव की नई फिल्म 'श्रीकांत' रिलीज हो गई है। इस फिल्म में उन्होंने दृष्टिबाधित का किरदार निभाया हैं। उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी। राजकुमार राव बेधड़क होकर अपने किरदार निभाते हैं। फैंस उन्हें कई अलग-अलग किस्म की भूमिकाओं में देख चुके हैं। जल्द ही वह हॉरर-कॉमेडी फिल्म %स्त्री 2% में भी नजर आएंगे। दर्शकों ने फिल्म के पहले भाग में उन्हें डर के मारे कांपते हुए देखा था। रील की दुनिया के अलावा राजकुमार राव असल जिंदगी में भी डर जाते हैं। इसका खुलासा खुद उन्हीं के द्वारा किया गया है। राजकुमार राव ने यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि वह हॉरर फिल्में और टीवी शो को देखकर डर जाते थे। उन्होंने बताया कि 'शशश... कोई है' और 'आहट' उन टीवी शो में शामिल है, जिन्हें देखकर वह काफी ज्यादा डर गए थे। डर की हद इतनी थी कि वह अपनी मां के बिना टॉयलेट में भी नहीं जाते थे।



# सारा के मजाक पर गंभीर हो गई थीं अनन्या, ब्रेकअप की अफवाहों के बीच आया वीडियो

सारा अली खान, आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। जहां एक तरफ आदित्य और अनन्या के ब्रेकअप का दावा किया जा रहा है, वहीं, दूसरी ओर सारा और आदित्य को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। आदित्य रॉय कपूर और अनन्या पांडे के ब्रेकअप की खबरें भी नेटिजन्स के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दावा किया जा रहा है कि अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का ब्रेकअप हो चुका है। अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' में आदित्य और सारा साथ काम कर रहे हैं। इस बीच सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर को अनुराग बसु की बर्थ डे पार्टी में भी साथ देखा गया। तब से इन दोनों को लेकर भी अफवाहों का बाजार गर्म हो गया है। अब सोशल मीडिया पर सारा अली खान का अनन्या को चिढ़ाते हुए पुराना वीडियो सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक करण जौहर के शो 'काफी विद करण सीजन 8' का एक पुराना वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है। जिसमें सारा अनन्या को आदित्य को लेकर चिढ़ा रही हैं। उन्होंने इशारों में आदित्य को लेकर अनन्या को छेड़ दिया। दरअसल, शो में रैपिड फायर हारने के बाद अनन्या हैंपर ना मिलने से खुश नहीं थी। सारा ने इस दौरान अनन्या को चिढ़ाते हुए मजाकिया अंदाज में कहा, 'अगर तुम मेरा हैंपर टच करोगी, तो मैं तुम्हारा हैंपर टच करूंगी।' इस पर अनन्या ने सारा से कहा 'बेहतर होगा तुम ऐसा ना करो।' दावा है कि अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का ब्रेकअप हो चुका है। दोनों तीन सालों से एक दूसरे के साथ रिश्ते में थे। दोनों के ब्रेकअप की खबरों ने प्रशंसकों को निराश कर दिया। हालांकि, उनके ब्रेकअप की वजह अभी सामने नहीं आई है। 'ड्रीम गर्ल 3' के निर्माताओं ने अनन्या की जगह सारा अली खान को आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म में ले लिया है।





**मेट्रो बाजार**

# ओला-उबर को टक्कर देने की तैयारी में पेटीएम, ऑटो लाएगी

**मुंबई, एजेंसी**

फिनटेक सेक्टर की अग्रणी कंपनियों में से एक पेटीएम नए सेक्टर में एंट्री लेने की तैयारी कर रही है. पेटीएम की इस तैयारी से आने वाले दिनों में राइड हेलिंग सर्विसेज प्रदान करने वाली ओला और उबर जैसी कंपनियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है. मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम ने ऑटोरिक्शा के साथ राइड हेलिंग सर्विसेज का ट्रायल शुरू किया है. कंपनी आने वाले दिनों में दिल्ली, बेंगलुरू, चेन्नई जैसे महानगरों में ऑटोरिक्शा सर्विसेज की शुरुआत कर राइड-हेलिंग सेक्टर में एंट्री की योजना बना रही है. इसके लिए पेटीएम ओएनडीसी यानी ओपन नेटवर्क फोर डिजिटल कॉमर्स का सहारा ले सकती है. अभी भारत में ऐप बेस्ड कैब, टैक्सी व ऑटोरिक्शा की सुविधाएं देने में ओला और उबर सबसे आगे है. ये दोनों भारतीय बाजार में राइड हेलिंग सेगमेंट में प्रमुख नाम हैं. उनके अलावा कई अन्य कंपनियां भी इस तरह की सेवाएं दे रही हैं, लेकिन यही दो दबदबे की स्थिति में हैं. राइड हेलिंग सेक्टर में पेटीएम के उतरने से ओला और उबर के दबदबे को चुनौती मिल सकती है. रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम के ऐप पर राइड हेलिंग फीचर की अभी टेस्टिंग चल रही है. यह फीचर अभी चुनिंदा यूजर्स के लिए उपलब्ध है. टेस्टिंग के बाद धीरे-धीरे इसका दायरा बढ़ाया जाएगा और यह फीचर ज्यादा यूजर्स के लिए उपलब्ध होता जाएगा. हालांकि इसके बारे में अभी पेटीएम ने आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है. फिनटेक कंपनी पेटीएम को बीते दिनों मुश्किलों का सामना करना पड़ा है. रिजर्व बैंक ने जनवरी महीने में उसी बैंकिंग यूनिट पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ऊपर एक्शन लिया था. उससे पेटीएम के बिजनेस को अच्छा-खासा नुकसान हुआ है. दूसरी ओर पेटीएम ओएनडीसी के साथ मिलकर नए प्रयोग कर रही है. वह ओएनडीसी के जरिए पहले ही फूड डिलीवरी, ग्रॉसरी, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स समेत विभिन्न ई-कॉमर्स सेक्टर में सेवाओं की शुरुआत कर चुकी है.



# कर्ज में फंसते जा रहे किसान, केसीसी का एनपीए बढ़ रहा

**आरबीआइ रिपोर्ट एनपीए में 42 फीसदी की बढ़ोतरी**

**नईदिल्ली,एजेंसी।** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खातों में फंसा कर्ज (एनपीए) बढ़ रहा है। बढ़ते बैड लोन ने कृषि क्षेत्र को लेकर आरबीआइ की चिंता बढ़ा दी है। आरबीआइ के आंकड़ों के अनुसार, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर कमर्शियल बैंकों के केसीसी खातों में पिछले चार साल में एनपीए में 42 फीसदी की भारी बढ़ोतरी हुई है। मार्च 2021 के अंत में यह राशि 68,547 करोड़ रुपए थी, जो दिसंबर 2024 के अंत तक बढ़कर 97,543 करोड़ रुपए हो गई। मौसम की मार, किसानों को पुनर्भुगतान की समयसीमा की जानकारी का अभाव, व्यक्तिगत जरूरतों के कारण भुगतान में देरी और बैंकों की कमजोर कर्ज वसूली प्रणाली के कारण एनपीए बढ़ा है।



### अरेरा हिल्स इलाके से 14 वर्षीय दो लड़कियां बिना बताए हो गईं थीं गायब

# घर से लापता हुईं दो चचेरी बहनें उज्जैन से पुलिस ने की दस्तयाब

**दोनों बहनें ट्रेन में बैठकर उज्जैन पहुंची और वहां से जोधपुर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही थीं**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

राजधानी के अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र से बगैर बताए लापता हुई चचेरी बहनों को पुलिस ने उज्जैन रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। दोनों बहनें ट्रेन में बैठकर उज्जैन पहुंची और वहां से जोधपुर जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही थी। वह आगे के सफर पर निकल पाती, उसके पहले ही जीआरपी की मदद से दोनों को पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार इलाके की बस्ती में रहने वाली 14 साल की चचेरी बहनें घर से बगैर बताए निकल गई थी।

तलाश करने के बाद भी जब उनका कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने थाने जाकर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मनोज पटवा ने बच्चियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम बनाई थी।

टीम ने घटनास्थल और आसपास तथा मेन रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके साथ ही सभी बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों पर तलाश करने के साथ ही बच्चियों की हुलिया और फोटो की जानकारी जीआरपी थानों को भेजी। सीसीटीवी चैक करने पर पता चला कि दोनों बच्चियां भोपाल रेलवे स्टेशन से उज्जैन की तरफ जाने वाली ट्रेन में सवार हुई हैं और जोधपुर राजस्थान जा रही हैं। उज्जैन स्टेशन पर सकुशल मिली बालिकाएं टीआई पटवा ने बताया कि बालिकाओं को उज्जैन की तरफ जाने की जानकारी मिलते ही जीआरपी से संपर्क किया गया। जीआरपी उज्जैन ने प्लेटफार्म पर तलाश शुरू की तो दोनों बच्चियां स्टेशन पर जोधपुर जाने वाली ट्रेन का इंतजार करते हुए मिली। उन्हें जीआरपी थाने लाकर पूछताछ की गई और भोपाल पुलिस को सूचना दी गई।

भोपाल पुलिस ने दोनों को बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया। बालिकाओं को बरामद करने में टीआई पटवा के साथ ही एसआई राजेश तिवारी, नरेन्द्र परमार, एएसआई रमेश शर्मा, सचिन कुमार बेडरे, कौशल लाल, हेड कांस्टेबल कोदर सिह, राधेश्याम इंदौरी, आरक्षक अखिलेश निगम, प्रदीप सिंह, महिला आरक्षक दीक्षा शुक्ला, सोनम रघुवंशी और देविका पठाडे की सराहनीय भूमिका रही है।



### चीतल सांभर के सींग, जंगली जिंदा खरगोश और बोलेरो के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** एसटीएफ टीम और स्टेट टाइगर स्ट्राइकर फोर्स यूनिट शिवपुरी की संयुक्त टीम ले श्योपुर कूनो अभ्यारण में वन्य प्राणियों के शिकार कर उनके अंगों की तस्करी कर रहे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर से पर करते हुए बस स्टैंड श्योपुर के पास एक बोलेरो वाहन के साथ ऋषिकेश मीणा पिता देवीलाल मीणा (36) ग्राम कनरदा, थाना करनपुर, जिला करौली, राजस्थान एवं सखी आदिवासी पत्नी टिंकल आदिवासी (27) वर्ष, निवासी-कस्बा लिखारा, पुलिस थाना अगरा, श्योपुर को घेराबंदी कर पक?ा। आरोपियों के पास से 11 सींग (चीतल/सांभर), एक जंगली जिंदा खरगोश और बोलेरो वाहन जब्त किया गया। अग्रिम कार्यवाही सामान्य वनमंडल जिला श्योपुर द्वारा की जा रही है।

# कांग्रेस का मंच बनाने वाले हिंदूवादी नेता और टेंट के कारोबारी पर प्रकरण दर्ज



भोपाल, दोपहर मेट्रो

**मंच से गिरकर कई पदाधिकारी गंभीर रूप से हुए हैं घायल**

मप्र कांग्रेस तीन दिन पहले भोपाल में प्रदर्शन के दौरान मंच टूटने की घटना पर गंभीर हो गई है। किसान कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान मंच टूटने से कई पदाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस मामले में टीटीनगर पुलिस ने हिंदूवादी नेता और संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह शिकायत किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के की है। चंद्रशेखर टेंट कारोबारी भी हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने जान-बूझकर मंच कमजोर तैयार किया था, जिससे वह टूट गया और कांग्रेसियों की जान को खतरा में डाल दिया गया। टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि इस संबंध में धर्मेंद्र सिंह चौहान ने शिकायत के आधार पर तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का काम) के तहत केस दर्ज किया है। इस धारा के तहत अधिकतम तीन साल की जेल और 10 हजार रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में चंद्रशेखर से उनका जबाव मांगा है।

### क्या है मामला?


दरअसल, सोमवार को किसान कांग्रेस ने विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। घेराव के लिए टीटीनगर स्थित रंगमहल चौराहे पर भी किसान कांग्रेस का मंच लगाया गया था, जहां कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हो रहे थे। इस बीच जब नेता मंच पर पहुंचे तो अचानक से मंच टूट गया था। कांग्रेस नेता अभय दुबे का कहना है कि भाषण के दौरान मंच पर कंपन महसूस हो रहा था,कुछ ही देर में यह भरभराकर ढह गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत



**भोपाल।** पिपलानी इलाके में बुधवार रात एक अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश पीएम के लिए भेज दी है। टक्कर मारने वाले वाहन का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक किशोर नायक (35) ग्राम कान्हासैया थाना बिलखिरिया में रहता था। वह फेरी लगाकर कुकर सुधारने का काम करता था। बुधवार की रात करीब 9 बजे किशोर काम से घर लौट रहा था। आनंद नगर के आगे पीरिया मोहल्ले के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल किशोर को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## बाइक फिसलने से युवक की मौत, 2 साथी घायल



**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में बाइक फिसलने एक युवक की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य साथी घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राकेश लोधी पुत्र राधेश्याम लोधी (28) भानपुर गांव में रहता था और प्रायवेट काम करता था। बुधवार की रात वह अपने दोस्त आशीष और एक अन्य साथ बाइक से घूमने निकला था। रात करीब 9 बजे तीनों रासलाखेड़ी के पास गुजर रहे थे, तभी अचानक उनकी बाइक फिसल गई, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बाकी दोनों साथियों का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रतिमा से अज्ञात ने तोड़फोड़ की, हिंदू संगठन का हंगामा

**कोलार थाना क्षेत्र स्थित बोरदा गांव से अंदर झिरी वन क्षेत्र के मंदिर की मूर्ति के टूटने पर पुलिस ने करवाई एफएसएल से जांच**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार थाना क्षेत्र स्थित बोरदा गांव से अंदर झिरी वन क्षेत्र के मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा से छेड़छाड़ और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। दरअसल, कुछ असमाजिक तत्व प्रतिमा को मंदिर से बाहर लेकर आए थे और उसमें तोड़फोड़ कर दी।

प्रतिमा से तोड़फोड़ की भनक लगते ही हिंदू संगठन एकत्रित होने लगा और जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। तब जाकर हंगामा खत्म हुआ।बजरंग दल के सहसंयोजक शिवराज धाकड़ ने बताया कि मंगलवार को कुछ लोगों ने हनुमान जी की प्रतिमा को खंडित देखा था। वे कार्यकर्ता के साथ मंदिर पहुंचे तो पता चला कि प्रतिमा को मंदिर से बाहर लाया गया है और प्रतिमा को तोड़ा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से प्रतिमा की जांच कराई। थाना प्रभारी संजय सोनी का कहना है कि मंदिर में रखी प्रतिमा में दरार के निशान है प्रतिमा को तोड़ा गया है। पुलिस ने शिकायती आवेदन ले लिया है। पुलिस आसामाजिक तत्वों की तलाश कर रही है।

## कॉलेज छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में रहने वाले एक कालेज छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। परिजनों को भोपाल पहुंचने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मर्ग जांच के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो पाएगा। जानकारी के अनुसार सत्यम द्विवेदी (22) मूलत- सतना का रहने वाला था। फिलहाल वह रमानगर बाणगंगा में किरो से रहता था और एक कालेज से सेकेंड इयर की पढ़ाई कर रहा था। उसके साथ रहने वाला दोस्त होली की छुट्टी में अपने घर गया हुआ है। बुधवार की रात सत्यम के कमरे से लगातार मोबाइल फोन बजने की आवाज आ रही थी, लेकिन वह मोबाइल रिसीव नहीं कर रहा था। रात करीब नौ बजे मोबाइल की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने जब खिड़की से कमरे के अंदर झांका तो सत्यम फांसी के फंदे पर लटका दिखा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाया और शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी परिजनों को दे दी गई है। उनके भोपाल पहुंचने पर लाश का पीएम होगा।

# होली से पहले होटल और ढाबों पर छापा कार्रवाई से मच गई भगदड़

**आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा की तस्करी को रोकने के लिए उठाए कदम**




भोपाल, दोपहर मेट्रो

आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की तस्करी, सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से मदिरापान करने और करवाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। होली से पहले बुधवार देर रात आबकारी की टीम ने आधा दर्जन से ज्यादा होटल और ढाबों पर छापेमारी की। इसके साथ ही शराब दुकानों के आसपास शराब के सेवन करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान शराब पीने वालों में भगदड़ मच गई। टीम ने कुल 29 प्रकरण दर्ज किए और हजारों रुपए की शराब जब्त की है। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल दीपम रायचूरा के मार्गदर्शन में आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल के नेतृत्व में बुधवार रात टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान अयोध्या नगर बायपास और रायसेन रोड स्थित रौनक ढाबा, राज दरबार, क्लाउड-11, पीबीआर कैफे, आचमन ढाबा, खुशी ढाबा समेत अन्य होटल और ढाबों पर दबिश दी गई। इन स्थानों पर अवैध रूप से मदिरापान करने वालों तथा होटल और ढाबों के संचालकों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शराब दुकानों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने वालों पर भी कार्रवाई की गई। आबकारी टीम ने कुल 29 प्रकरण बनाए हैं। कार्रवाई के दौरान टीम को देखकर शराब पीने वालों में भगदड़ की स्थिति बन गई और वह शराब की बोतलें तथा गिलास छोड़कर मौके से भाग निकले। आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि अवैध रूप से मदिरापान करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध शराब के साथ कई तस्कर पकड़ाए टीटी नगर पुलिस ने आरोपी प्रिंस और यश मिश्रा को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से करीब साढ़े छह हजार की अवैध शराब जब्त हुई है। अवधपुरी पुलिस ने अभिषेक राय से तीन हजार रुपए, कटारा हिल्स पुलिस ने राजेंद्र और अरिवंद अहिरवार से करीब चार हजार रुपए, तलैया पुलिस ने तिलक कुचबंदिया से डेढ़ हजार रुपए, हनुमानगंज में धर्मेंद्र नट से तीन हजार रुपए, छोला मंदिर में आलोक सौदा से 11 हजार रुपए और गांधी नगर पुलिस ने विनोद प्रजापति से साढ़े तीन हजार रुपए कीमत की अवैध शराब जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

**मेट्रो एंकर** राजधानी के दो अलग-अलग पुलिस थाना क्षेत्रों में घटित हुईं वारदातें, केस दर्ज

# टाटा मोटर्स में मैकेनिक ने संदिग्ध हालत में तोड़ा दम



भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित टाटा मोटर्स में मैकेनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अचानक बेहोस होने पर उसे साथी मैकेनिक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद एम्स जाने की सलाह दी। एम्स पहुंचने पर पता चला कि मैकेनिक की मौत हो चुकी है। अनुमान है कि मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुरेंद्र सिंह जाट पिता कोमल सिंह जाट (33) सबरी नगर भानपुर में रहते थे और टाटा मोटर्स में नौकरी करते थे। बुधवार सुबह वह ड्यूटी पर थे। सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास उनकी तबीयत बिगड़ी और वह बेसुध हो गए। साथी मैकेनिक उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने कहा कि एम्स ले जाइए। एम्स पहुंचने पर डॉक्टर ने चेक किया और बताया कि सुरेंद्र की मौत हो चुकी है। डॉक्टर ने शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में बताया कि सुरेंद्र की मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस फुल पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

## दाता कॉलोनी पुलिया पर मिला नवजात का पन्नी में लिपटा शव

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित ऐयरपोर्ट रोड दाता कॉलोनी पुलिया के पास बुधवार दोपहर पॉलिथीन में नवजात बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव को कपड़े में लपेटकर पॉलिथीन में रखा गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 100 और कोहेफिजा पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। अनुमान है कि बच्चे का जन्म एक दो दिन पूर्व हुआ है। बच्चे के शरीर पर अस्पताल का टैग नहीं लगा है।

इससे अनुमान है कि किसी ने पैदाइस छिपाने की गरज से बच्चे को यहां लाकर फेंका है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चला सकेगा कि बच्चे की मौत किन कारणों से हुई है। पुलिस के अनुसार नगर निगम द्वारा दाता कॉलोनी के पास नाले की सफाई की जा रही थी। इस दौरान कर्मचारी ने एक नवजात बच्चा पन्नी में रखा हुआ देखा। उसने आसपास कॉलोनी को लोगों को बताया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस की भी पहुंच गई थी।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022